RNI NO.-UPHIN/2021/83192



# ग्रामीण सुबह

वर्ष - 03, अंक - 342 पृष्ठ - 08, मूल्य- 2/- उरई (जालौन) से प्रकाशित, 09 नवम्बर 2024

संपादक: श्रवण कुमार द्विवेदी

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

EMAIL- GMORNINGNEWSORAI@GMAIL.COM WEBSITE- GRAMINSUBAH.COM MO. 7080516085

# जहां दिखे सपाई, वहां बिटिया घबराई! मोरना में अखिलेश पर जमकर बरसे सीएम योगी

**मुजफ्फरनगर , एजेंसी।** मीरापुर विधानसभा के उपचुनाव के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय राज्यमंत्री एवं रालोद अध्यक्ष जयंत सिंह मोरना में आज जनसभा कर रहे हैं। महर्षि शुकदेव इंटर कॉलेज मोरना के खेल मैदान पर जनसभा हो रही है। कुछ ही दूरी पर हेलीपैड बनाए गए हैं। 1 बजकर 21 मिनट पर सीएम योगी मोरना में पहुंचे और फिर मंच के लिए रवाना हुए।

क्षेत्र की जनता को करेंगे संबोधित, पदाधिकारियों से करेंगे संवाद

सुबह डीएम और एसएसपी ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी ने बताया कि कार्यक्रम के अनुसार सीएम योगी को सुबह 11 बजकर 50 मिनट पर सीएम मोरना पहुंचना था लेकिन वह अभी तकरीबन डेढ़ बजे मोरना पहुंचे। एनडीए की जनसभा को संबोधित कर वह पदाधिकारियों से संवाद करेंगे।

मोरना पहुंचने से पहले सीएम योगी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि जनपद मुजफ्फरनगर के मीरापुर विधान सभा क्षेत्र की राष्ट्रवादी जनता सुशासन, सुरक्षा और विकास के लिए एनडीए को चुनने जा रही है।

## समाजवादी पार्टी नहीं चाहती थी कि उपचुनाव की तारीख हटे सीएम योगी

सीएम योगी ने कहा कि मेरठ, मुजफ्फरनगर और आसपास के श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए जाते हैं, वहां विश्राम करते हैं। हम निर्वाचन आयोग का धन्यवाद करते हैं कि उन्होंने गंगा स्नान का सम्मान किया। लेकिन समाजवादी पार्टी ऐसा नहीं चाहती है। इन्होंने खटाखट के नाम पर जनता को गुमराह किया। इनके खटाखट का नाम मिला क्या, अब दोनों में खटपट शुरू हो गई। अवसर है अब इस समाजवादी पार्टी को सफाचट करने का। हथियारों का जखीरा बरामद हुआ था। याद करिए तब सपा सरकार के मुखिया उन दंगाइयों को सरकारी आवास में बुलाकर सम्मानित कर रहे थे। आपने देखा होगा कि जहां का किसान धरती माता में मेहनत और पुरुषार्थ लगाकर सोने जैसी फसले उगाता है, उसे ये पलायन कराने पर मजबूर कर रहे थे।



समाजवादी पार्टी समाज को बांटकर पूरी ताकत लगा रही थी। आज बेटियों बहनों की इज्जत के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता। अपराधियों को मालूम है कि उसकी सजा उसे क्या मिलेगी। किसानों के मोटर चुराने की कीमत क्या चुकानी पड़ेगी।

अब मेरठ से दिल्ली की दूरी भी रैपिड ने तय कर ली है। बहुत जल्द ये दूरी मुजफ्फरनगर तक भी पूरी होगी। अन्नदाता किसानों को सात वर्ष में दो लाख 53 हजार किसानों को गन्ना भुगतान कराया है। किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त कर रहा है।

उन्होंने खिलाड़ियों का जिक्र करते हुए कहा कि आज देश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाता है। हमें गुंडे और दंगाई नहीं चाहिए। विकास के बैरियर को हटाने वाले लोग चाहिए। किसान का सम्मान करने वाले लोग चाहिए। भाजपा और आरएलडी की सरकार ही इस कार्य को कर सकती है। क्योंकि हमारे आदर्श चौधरी चरणसिंह हैं, धनसिंह कोतवाल जैसे महापुरुष हैं। जिनका सबकुछ मातृभूमि के लिए समर्पित हुआ है।

## जयंत चौधरी बोले सरकारी स्कूलों की हालत हुई बेहतर

जयंत चौधरी ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि पहले यूपी के सरकारी स्कूलों की हालत खराब थी। आज स्थिति अच्छी हुई है। खेल में युवाओं की प्रतिभा दिखाई दे रही है।

## मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में कड़ी सुरक्षा

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था है। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में सुरक्षा को लेकर 5 एडिशनल एसपी, 9 सीओ, 8 थाना प्रभारी, 19 इंस्पेक्टर, 625 दरोगा, हैड कांस्टेबल, कांस्टेबलों को तैनात किया गया है। इसके अलावा चार कम्पनी पैरामिलिट्री फोर्स व पीएसी भी तैनात की है।

उपचुनाव के लिए अलर्ट रहे पुलिस : एडीजी

एडीजी डीके ठाकुर ने मीरापुर उपचुनाव, गंगा स्नान और अन्य त्योहारों के लिए पुलिस लाइन में अधिकारियों की बैठक ली। नियमित गश्त करने और छोटी से छोटी सूचनाओं को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए गए। एडीजी ने कहा कि उपचुनाव के दौरान अलर्ट रहे, किसी भी गांव में कोई गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए।

## मीरापुर में 116 बूथ अतिसंवेदनशील

मीरापुर विधानसभा के उपचुनाव के लिए प्रशासन तैयारियों में जुटा है। 94 मतदान केंद्र और 116 बूथ अतिसंवेदनशील श्रेणी में रखे गए हैं। इन केंद्रों पर पुलिस की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएंगे। विधानसभा क्षेत्र में तीन लाख 23 हजार मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। 11 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। राजनीतिक दलों ने अपने-अपने पक्ष में माहौल बनाने की कवायद शुरू कर दी है। पुलिस-प्रशासन चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए अपनी तैयारी में जुटा है। अतिसंवेदनशील बूथों पर कड़ी निगरानी रहेगी।

# भाजपा नेता अनीस अंसारी की अश्लील कॉल रिकार्डिंग वायरल, करीबियों ने महिला को धमकाया

**बरेली, एजेंसी।** बरेली में भाजपा महानगर कमेटी अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष अनीस अंसारी एक महिला से नजदीकी के मामले में फंसे नजर आ रहे हैं। महिला के खिलाफ वह हनीट्रैप कर वसूली की दो रिपोर्ट दर्ज करा चुके हैं। अब उनके करीबी कार्यकर्ता जावेद अंसारी आदि ने इसी महिला को उसके घर जाकर धमकाया है। महिला ने भाजपा नेता के करीबियों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला का कहना है कि अनीस अंसारी ने उससे शादी का वादा किया है। जावेद अंसारी अनीस का खास आदमी है, वह उसकी शादी नहीं होने दे रहा है। वह जावेद के घर मदद मांगने गई तो उसने धक्के मारकर भगा दिया। जावेद ने बाद में उसके घर आकर धमकी दी। कहा कि उसने अपने सगे भतीजे अयान की कुछ साल पहले हत्या कर दी थी, इसी तरह उसके बच्चों की भी हत्या कर देगा। जावेद के साथ इरफान अंसारी व एक अन्य युवक मौजूद था।

**सोशल मीडिया पर वायरल हुई ऑडियो :** अनीस अंसारी और महिला की बातचीत की ऑडियो रिकार्डिंग सोशल मीडिया में वायरल हो रही हैं, जिसमें दोनों के बेहद करीबी रिश्ते का दावा किया जा रहा है। अनीस अंसारी का कहना है कि महिला उनकी पार्टी से ही जुड़ी है। गरीबी की वजह से उसकी मदद की। अब वह अपने साथियों से मिलकर उनसे वसूली की कोशिश कर रही है। आवाज उनकी नहीं है, बल्कि एआई तकनीक से हूबहू तैयार की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### घरों में चोरी कर रहा था गैंगस्टर, पुलिस ने मुठभेड़ में किया गिरफ्तार; पैर में लगी गोली

**आगरा , एजेंसी।** आगरा के थाना जगदीशपुरा क्षेत्र में बंद मकानों को गैंगस्टर का गिरोह निशाना बना रहा था। थाना पुलिस ने बुधवार रात को बिचपुरी क्षेत्र में मुठभेड़ के बाद गैंगस्टर को गिरफ्तार किया। उसने पुलिस ने बचने के लिए फायरिंग की। मगर, पुलिस ने अपना बचाव करते हुए गोली चलाई। पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। आरोपी के दो साथी फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश में लगी है।

**सीसीटीवी से मिले सुराग:** एसीपी लोहामंडी मयंक तिवारी ने बताया कि 1 नवंबर को कलवारी में चांदनी के घर में चोरी हुई थी। वह जयपुर गई थीं। वहीं 28 अक्तूबर को राहुल नगर में हफीज खां के घर को चोरों ने निशाना बनाया। उनकी बेटी की शादी थी। परिवार मैरिज होम में गया था। पीछे से चोर घुस आए। लाखों के जेवरात चोरी करके ले गए। दोनों मामलों में मुकदमे दर्ज कर पुलिस तलाश में जुट गई। सीसीटीवी कैमरों से पुलिस को सुराग मिले।

**बदमाश के पैर में लगी गोली:** बुधवार रात को पुलिस टीम ने बिचपुरी में पथौली मार्ग पर मुठभेड़ के बाद किशोरपुरा के गुड्डा कोरी को गिरफ्तार किया। उसने गिरफ्तारी से बचने के लिए पुलिस पर गोली चलाई थी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। पूछताछ में पता चला कि दोनों घरों में उसने ही चोरी की थी। उसके साथ बिचपुरी का जीतू उर्फ कालिया और अछनेरा का राजू भी शामिल थे। गुड्डा पर पहले से 7 मुकदमे दर्ज हैं। वर्ष 2015 में थाना ताजगंज में गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा भी दर्ज हुआ था। आरोपी से तमंचा और जेवरात मिले हैं।

### युवक ने फंदा लगाकर की खुदकुशी, परिवार में छाया मातम

**अलीगढ़ , एजेंसी।** मोहल्ला जहांगीराबाद में एक युवक ने 6 नवंबर की रात फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। पत्नी ने पति को जब फंदे पर लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। मोहल्ला जहांगीराबाद निवासी 30 वर्षीय टीकाराम पुत्र प्रताप सिंह नशे का आदि था। बीते रात उसने घर में साड़ी का फंदा लगाकर जान दे दी। रात एक बजे पत्नी की नींद खुली तो टीकाराम फंदे पर लटका हुआ था। गले में दुपट्टे का फंदा लगा हुआ था। चीख-पुकार मचने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया है कि टीकाराम नशे का आदी था, पूर्व में भी कई बाद अपने शरीर की जख्मी कर चुका था। युवक की मौत से पत्नी समेत एक बेटा और एक बेटी का रो-रोकर बुरा हाल था।

### साले पर लगाया बाइक जलाने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**अलीगढ़ , एजेंसी।** ससुराल आए युवक ने अपनी बाइक को जला देने का आरोप अपने साले पर लगाया है। मामले में युवक ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बुलंदशहर के थाना चौला के गांव सफदलपुर निवासी प्रिंस पुत्र बबलू ने बताया कि वह भाई दूज पर अपनी ससुराल गांव कुमरपुर आया था। मंगलवार शाम करीब साढ़े पांच बजे उसके सालों में आपस में विवाद हो गया। साले सोनू पुत्र दिलीप कुमार को टोक दिया। इसी बात से नाराज होकर सोनू ने अरुण व विष्णु पुत्रगण लाल सिंह निवासी टमौटिया को बुला लिया। बाइक पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। आग बाइक पूरी तरह जल गई। मामले में थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शराब पीकर पत्नी को पीटा, पति पहुंचा हवालात

**अलीगढ़ , एजेंसी।** शराब के नशे में पत्नी को पीटना एक पति को भारी पड़ गया। शिकायत पर पुलिस ने उसे हवालात में बंद कर दिया। गांव बढ़ारी खुर्द निवासी दीक्षा देवी पत्नी कौशल कुमार ने बताया कि उसके पति ने 6 नवंबर की शाम को शराब पीकर उसे बेल्ट व डंडे से पीट कर घायल कर दिया। उसने अपने मायके सूचना दी। मायके से आये उसके पिता को भी पति व ससुर ने पीट दिया। दीक्षा ने थाने में तहरीर दी तो पुलिस ने शराबी पति को पकड़ कर हवालात में बंद कर दिया है।

# पीलीभीत पुलिस पर फिर लगे आरोप: कोतवाली में आत्महत्या करने की कोशिश

**पीलीभीत , एजेंसी।** पीलीभीत के पूरनपुर कोतवाली में मारपीट की तहरीर पर कार्रवाई न होने से आहत किसान रस्सी लेकर कोतवाली पहुंच गया। आत्महत्या करने के लिए कोतवाली परिसर में पाकड़ के पेड़ से रस्सी का फंदा डाल भी दिया। आनन-फानन कुछ पुलिसकर्मियों ने उससे रस्सी छीन ली। बाद में दोनों पक्षों में समझौते के लिए पंचायत की कोशिश हुई। मगर मामला न निपटने पर किसान ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को दोबारा तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव रुद्रपुर निवासी किसान रामचंद्र सिंह ने बताया कि उन्होंने जमीन की रजिस्ट्री 28 अक्तूबर को कराई थी। तीन दिन पहले रजिस्ट्री करवाने वाले वकील देव शर्मा के पास गए। उनसे दाखिल खारिज की जानकारी की। आरोप है कि इस पर वकील ने उनको थप्पड़ जड़ दिया। उसके साथियों ने धक्का देकर भगा दिया। इसकी शिकायत उसने पुलिस से की। आरोप है कि पुलिस ने शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की।

**कोतवाली परिसर में खड़े पेड़ पर डाला फंदा :** बृहस्पतिवार को रामचंद्र कोतवाली पहुंचे। शिकायत दर्ज कराने को लेकर उनका कोतवाली में भी विवाद हो गया। इससे क्षुब्ध होकर रामचंद्र कोतवाली से भागकर बाजार पहुंचे और आत्महत्या करने के लिए रस्सी खरीद लाए। उन्होंने कोतवाली परिसर में खड़े पाकड़ के पेड़ से लटकने के लिए रस्सी का फंदा भी डाल लिया। इस दौरान कुछ पुलिसकर्मियों ने उनसे रस्सी छीन ली। रामचंद्र रो-रोकर मरने या मारने की बात बार-बार कह रहे थे। बाद में दोनों पक्षों में समझौता कराने की कुछ लोगों ने कोशिश की। मगर ऐसा नहीं हो सका। रामचंद्र सिंह ने पुलिस को दोबारा तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की। मामला पुलिस कर्मियों और आसपास के लोगों में चर्चा का विषय बना रहा। कोतवाल नरेश कुमार त्यागी ने बताया कि ऐसा कोई मामला कोतवाली में नहीं हुआ है।

# आगरा में बिजलीघर चौराहे पर अब नहीं मिलेंगे ऑटो और ई-रिक्शा, यातायात माह में होगी नई व्यवस्था



**आगरा , एजेंसी।** यातायात माह में पुलिस 20 चौराहों का कायाकल्प करने जा रही है। इन चौराहों पर अतिक्रमण और जाम की समस्या को दूर किया जाएगा। इनमें से एक बिजलीघर चौराहे को ऑटो और ई-रिक्शा फ्री किया जाएगा। चौराहे से 5 रूट पर सवारी वाहन चलते हैं। इन रूट पर ही ऑटो-ई रिक्शा खड़े कराए जाएंगे। इनको चौराहे पर नहीं जाने दिया जाएगा। बिजलीघर चौराहे से ऑटो यमुना किनारा मार्ग, मंटोला, आगरा किला-पुरानी मंडी, छीपीटोला और बालूगंज की तरफ जाते हैं। चालक अपने वाहनों को चौराहे पर ले आते हैं। सवारियों को उतारने के साथ बैठाते भी हैं। इससे जाम लगता है। एसीपी यातायात सैय्यद अरीब अहमद ने बताया कि यातायात माह में 20 चौराहे चिह्नित किए गए हैं। इन चौराहों पर यातायात व्यवस्था को सुगम किया जाएगा। इनमें बिजलीघर भी शामिल है। इन चौराहों पर यातायात होमगार्ड की ड्यूटी होगी। वह ऑटो को चौराहे की तरफ नहीं जाने देंगे। अगर, चालक वाहन को ले जाते हैं तो उसे सीज कर दिया जाएगा। उनके लिए अलग से प्रत्येक रूट पर पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी।

## ठेल और खोखे भी नहीं लगेंगे

चौराहे से अतिक्रमण भी हटाया जाएगा। रास्ते में ठेल और खोखे नहीं लगाने दिए जाएंगे। बसों को भी निर्धारित स्थान पर खड़ा कराया जाएगा। इसके लिए संबंधित विभागों से भी समन्वय किया जाएगा। चौराहे पर एक क्रेन रहेगी, जिस वाहन को सीज किया जाएगा, उसे वह पुलिस लाइन लेकर जाएगी। कैमरों और ट्रैफिक लाइट से यातायात का संचालन कराया जाएगा।

# क्षतिग्रस्त घरों की हकीकत जानने के लिए दौड़े अधिकारी, डीएम ने दिया लोगों को आश्वासन



**आगरा, एजेंसी।** भूमिगत मेट्रो के लिए सुरंग की हो रही खुदाई से क्षतिग्रस्त घरों की हकीकत जानने के लिए बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी मोती कटरा पहुंचे। उन्होंने गिरासू घरों की पुख्ता मरम्मत, रंगाई-पुताई से लेकर कंक्रीट से बुनियाद भरने के निर्देश दिए। साथ ही मेट्रो अधिकारियों से कहा कि जब तक भवन स्वामी संतुष्ट न हों, क्षतिग्रस्त घर उन्हें सुपुर्द न किए जाएं। भवन स्वामियों का कोई नुकसान नहीं होना चाहिए।

मेट्रो के पहले कॉरिडोर के दूसरे चरण में आगरा कॉलेज से एसएन मेडिकल कॉलेज होते हुए मोती कटरा के रास्ते मनकामेश्वर तक दोहरी सुरंग खोदी जा रही है। इसमें करीब 20-20 फीट व्यास की हाइड्रोलिक मशीनें लगी हैं। मोती कटरा क्षेत्र में खुदाई से 146 घर क्षतिग्रस्त हो गए। भवन स्वामियों ने बताया कि छत, फर्श व दीवारों से लेकर चौखटों तक में दरारें आ गई हैं। उनके घर जैसे थे, वैसे ही बनाए जाएं। डीएम ने भवन स्वामियों को आश्वासन दिया कि किसी का नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। जैसा वो चाहते हैं, उसी तरह से मरम्मत व अन्य कार्य कराए जाएंगे। डीएम ने आगरा मेट्रो प्रोजेक्ट डायरेक्टर अरविंद राय को निर्देश दिए कि प्रभावित परिवारों को हुई क्षति का आकलन कराया जाए। निरीक्षण के दौरान ठेकेदार फर्म एफकॉन के प्रोजेक्ट मैनेजर संतोष मिश्रा, सुधीर कुमार आदि मौजूद रहे।

**आईआईटी रुड़की टीम करेगी स्वतंत्र सर्वे:** जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने बताया कि कार्यदायी संस्था एफकॉन ने प्रभावित क्षेत्र का सर्वे कराया है। स्वतंत्र जांच एजेंसी के रूप में आईआईटी रुड़की की टीम से क्षति का आकलन और स्थायी समाधान के लिए सर्वे कराया जाएगा। एफकॉन के सर्वे में 146 घर गिरासू मिले थे।

# एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा: श्रद्धालुओं से भरे टेम्पो ट्रैवलर में कैंटर ने मारी टक्कर, 3 की मौत; आधा दर्जन घायल

**फिरोजाबाद, एजेंसी।** फिरोजाबाद के पास शिकोहाबाद में अयोध्या एवं वृंदावन दर्शन करने जा रहे टेम्पो ट्रैवलर सवार श्रद्धालुओं को कैंटर ने एक्सप्रेस-वे पर टक्कर मार दी। इस घटना में दो बच्चे सहित तीन की मौत हो गई। वहीं ट्रैवलर चालक समेत दो लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। वहीं अन्य घायलों को सैफई पीजीआई एवं मेडिकल कॉलेज फिरोजाबाद भेजा गया है।

मनीष कुमार (38) निवासी गांव मारौली थाना उम्मरगांव जिला बलसाड़, गुजरात जोकि टेम्पो ट्रैवलर का चालक है। वह ट्रैवलर में कुल 19 श्रद्धालुओं को लेकर अयोध्या एवं वृंदावन दर्शनों के लिए गत 2 नवंबर को निकला था। अयोध्या में राम मंदिर के दर्शनों के बाद ट्रैवलर चालक सभी श्रद्धालुओं को लेकर 7 नवंबर की शाम अयोध्या से वृंदावन दर्शनों के लिए जा रहा था। शुक्रवार सुबह 6:00 बजे करीब जैसे ही वह थाना नसीरपुर क्षेत्र के अंतर्गत किलोमीटर संख्या 54 के समीप पहुंचा, तभी अचानक पीछे से एक कैंटर उसको ओवरटेक करते हुए तेजी से निकल गया। कैंटर से बचने के लिए ट्रैवलर चालक ने जैसे ही ट्रैवलर को बाईं ओर मोड़ा। इस दौरान एक्सप्रेस-वे पर पहले से खड़े एक कैंटर में टेम्पो ट्रैवलर घुसा चला गया। इस घटना में युग (13) निवासी खरड़पुर जिला सिलवास दमन, दादरनगर हवेली, राधा बेन पत्नी कांति भाई और दो वर्षीय प्रसा पटेल की मौत हो गई। जबकि जय कुमार (14), विरल (35), नीला (58), हिरन ठाकुर (46) समेत अन्य लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर थाना नसीरपुर पुलिस एवं यूपीडा की टीम मौके पर पहुंच गई। जिन्होंने सभी घायलों को उपचार के लिए तत्काल ही जिला संयुक्त चिकित्सालय शिकोहाबाद, मेडिकल कॉलेज फिरोजाबाद एवं गंभीर घायलों को सैफई पीजीआई में भर्ती कराया है।

# संतों में महाभारत: अखाड़ा परिषद के दोनों गुटों ने एक-दूसरे पर लगाया जानलेवा हमले का आरोप

**प्रयागराज , एजेंसी।** मेला प्राधिकरण कार्यालय में मारपीट के बाद अखाड़ा परिषद के दोनों धड़े के संतों ने एक-दूसरे पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। हमले के बाद निर्मोही अखाड़े के अध्यक्ष महंत राजेंद्र दास ने जहां एक धड़े के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी, महामंत्री हरि गिरि और जूना अखाड़े के अध्यक्ष महंत प्रेम गिरि समेत 20-25 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की तहरीर दी है, वहीं देर शाम अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी और जूना अखाड़े के अध्यक्ष प्रेम गिरि ने भी राजेंद्र दास और उनके समर्थकों के खिलाफ मेलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया और दोषियों के खिलाफ एफआईआर की गुहार लगाई।

महंत राजेंद्र दास ने अपनी तहरीर में लिखा है कि दोपहर दो बजे मेला कार्यालय में भूमि अवलोकन के लिए बुलाया गया था। बैठक से पहले ही जूना अखाड़े के महंत हरि गिरि, महंत प्रेम गिरि और निरंजनी अखाड़े के रवींद्र पुरी ने अपने समर्थकों के साथ उन पर जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट के बाद उनको जान से मारने की धमकी भी दी गई। हमले की यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है।



महंत राजेंद्र दास पर हमले के विरोध में पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी, पंचायती अखाड़ा शंभू अटल, पंचायती अखाड़ा निर्मल, पंच निर्मोही अनि, पंच दिगंबर अनि और पंच निर्वाणी अनि के प्रतिनिधियों ने एक साथ मेलाधिकारी के संयुक्त हस्ताक्षरित पत्र दिया। इसमें छह अखाड़े के पदाधिकारियों ने राजेंद्र दास पर हमला करने वाले संतों पर एफआईआर लिखकर कार्रवाई करने की बात कही है।

साथ ही मेला प्रशासन को चेताया है कि अगर एफआईआर दर्ज कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो वह मेला प्रशासन की ओर से बुलाई गई किसी भी बैठक और कुंभ में हिस्सा नहीं लेंगे। उधर, शाम को अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी और जूना अखाड़े के अध्यक्ष महंत प्रेम गिरि ने भी मेलाधिकारी को अलग-अलग शिकायती पत्र दिया। प्रेम गिरि ने अपनी शिकायत में कहा है कि भूमि आवंटन से पहले मेला कार्यालय में पूजापाठ और देवताओं स्तुति चल रही थी। महादेव की भी स्तुति हो रही थी।

उसी समय पीछे से निर्मोही अखाड़े के राजेंद्र दास कई साधुओं को लेकर आए और शोर मचाते हुए पूजा पाठ में व्यवधान पैदा करने लगे। मना करने पर राजेंद्र दास ने अपने वैरागी परंपरा के समर्थकों के साथ मेरे और महंत रवींद्र पुरी और महंत हरि गिरि पर जानलेवा हमला कर दिया। कपड़े फाड़ डाले और धमकी देने लगे कि हनुमान गढ़ी और चित्रकूट से हजारों साधुओं को बुलाकर इन सबको ठिकाने लगा देंगे।

इसी तरह अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने अपनी तहरीर में राजेंद्र दास पर हमला करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। वह महंत प्रेम गिरि पर भी टूट पड़े । किसी तरह जान बचाकर वहां से भागना पड़ा। उन्होंने कहा है कि राजेंद्र दास इससे पहले हरिद्वार कुंभ में भी अपर मेलाधिकारी पर हमला कर चुके हैं। उज्जैन कुंभ में भी उन्होंने मारपीट और विवाद पैदा किया था।


## संपादकीय........................

# महंगाई के जाल में फंसी थाली, आम आदमी की हालत पर बड़ा सवाल!

**एक समय कई बार लोग कुछ समय तक समझौता करके महंगाई की चुनौतियों का सामना कर लेते थे। लेकिन अब महंगाई में निरंतरता की वजह से संतुलित भोजन पहुंच से बाहर हो रहा है।**

जनसत्ता संपादकीय। अर्थव्यवस्था के चमकते आंकड़ों की खबरें सबको अच्छी लगती हैं, लेकिन अगर इस चकाचौंध के बीच बहुत सारे लोगों को खाने-पीने के सामान में भी कटौती करनी पड़े, तब यह सोचने की जरूरत है कि आर्थिक विकास के दावों के दायरे में कौन है! अन्य जरूरी सामान के साथ-साथ खाद्य पदार्थों की चढ़ी हुई कीमतों ने पहले ही आम लोगों की रोजमर्रा की जरूरतों को प्रभावित करना शुरू कर दिया था, लेकिन इस बीच पिछले कई महीनों से सब्जियों के दाम लगातार इस स्तर पर बने हुए हैं कि लोगों की थाली से सब्जियां भी गायब रहने लगी हैं। मुश्किल सिर्फ सब्जियों तक नहीं सिमटी है। इसका असर दूसरे खाद्य पदार्थों पर भी पड़ा है और अनाजों की खरीदारी के वक्त भी लोगों को अब थोड़ा रुक कर सोचना पड़ जाता है। गौरतलब है कि बुधवार को जारी एक एजंसी की ताजा रपट के मुताबिक शाकाहारी थाली की कीमत में एक वर्ष पहले की समान अवधि की तुलना में बीस फीसद तक की बढ़ोतरी हो गई है। दरअसल, कम आय वर्ग के लोगों के लिए पिछले कई महीनों से खाने-पीने का सामान सहजता से खरीदना मुश्किल ही था। मगर अब स्थिति यह हो गई है कि ऐसे लोग अक्सर दिख जाते हैं, जो बाजार में सब्जियों की कीमतें पूछते हैं और बिना खरीदे मायूस मन के साथ आगे बढ़ जाते हैं। रपट के मुताबिक, अक्तूबर में प्याज की कीमतें सालाना आधार पर छियालीस फीसद बढ़ीं, जबकि आलू के दाम में इक्यावन फीसद का इजाफा हुआ। इसी तरह, टमाटर के भाव उनतीस रुपए प्रति किलोग्राम से आगे बढ़ते हुए एक वर्ष पहले की समान अवधि के मुकाबले चौंसठ रुपए प्रति किलोग्राम हो गए। टमाटर सौ रुपए प्रतिकिलो या इससे ज्यादा भाव पर भी बिका। अन्य कई हरी सब्जियां भी आमतौर पर अस्सी या सौ रुपए प्रति किलो बिक रही हैं। भोजन की थाली में सब्जियां एक तरह का संतुलन बनाती हैं। अब इनके लगातार महंगे बने रहने का असर दालों की कीमतों पर भी पड़ा है। सच यह है कि महंगाई एक दुश्चक्र की तरह लोगों के लिए एक गंभीर समस्या बनती जा रही है और एक समय तात्कालिक कारणों से बाजार में उतार-चढ़ाव के तौर पर देखी जाने वाली स्थितियां अब आम रहने लगी हैं। एक समय कई बार लोग कुछ समय तक समझौता करके महंगाई की चुनौतियों का सामना कर लेते थे। लेकिन अब महंगाई में निरंतरता की वजह से संतुलित भोजन पहुंच से बाहर हो रहा है। एक ओर, रिजर्व बैंक महंगाई को काबू में रखने के लिए कुछ कदम उठाता रहता है, तो दूसरी ओर सरकार आए दिन लोगों को भरोसा देती रहती है। हकीकत यह है कि पिछले कुछ वर्षों से रोजी-रोजगार की फिक्र में लोग यह भी भूलते जा रहे हैं कि उनकी थाली में न्यूनतम चीजें क्या-क्या होनी चाहिए। ज्यादातर लोगों की आय में कमी होने या काम-धंधे में मंदी की स्थिति कायम रहने की वजह से उनकी क्रयशक्ति लगातार सिकुड़ती गई है। कई मामलों में सामान की खरीदारी में कटौती की आंच अब थाली तक भी पहुंच चुकी है। यह एक दुखद स्थिति है कि आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर कदम बढ़ाने का दावा करने के क्रम में इस पक्ष की अनदेखी की जा रही है कि लोग जीने के लिए जो भोजन कर रहे हैं, उसके लिए उन्हें कितना सोचना पड़ रहा है। हालत यह है कि निम्न मध्यवर्गीय परिवारों के लिए भी खाने-पीने के सामान की कीमतें पहुंच से बाहर हो रही हैं। ऐसे में देश की गरीब आबादी के सामने किस तरह की चुनौतियां खड़ी हैं, यह समझना बहुत मुश्किल नहीं है।

## !! पत्रकारों को सम्मान !!



ई—मेल

कार्यालय परिवहन आयुक्त
उत्तर प्रदेश।

संख्या:—780 सा०प्र०/2024—45टीआर/2024. लखनऊ : दिनांक 07 नवम्बर, 2024

1— समस्त संभागीय परिवहन अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
2— समस्त सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), उत्तर प्रदेश।

विषय:—संभागीय/उप संभागीय परिवहन कार्यालयों में वरिष्ठ नागरिकों, मान्यता प्राप्त पत्रकारों, सैनिकों/भूतपूर्व सैनिकों एवं महिलाओं की सुविधा हेतु पृथक काउण्टर की स्थापना कराये जाने के सम्बन्ध में।

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में उल्लेखनीय है कि परिवहन कार्यालय प्रत्यक्ष रूप से आम जन—मानस से जुड़ा हुआ विभाग है, जिसमें ड्राइविंग लाईसेंस, फिटनेस, वाहन पंजीयन तथा वाहन सम्बन्धी अन्य कार्यों का निष्पादन किया जाता है।

उपरोक्त कार्यों के निष्पादन हेतु कार्यालय में भिन्न—भिन्न कार्यों हेतु पृथक—पृथक काउण्टर बने हुए हैं, जिन पर आवेदक जाकर अपने कार्यों को पूर्ण कराते हैं, परन्तु आवेदकों की अत्यधिक संख्या होने के कारण वरिष्ठ नागरिकों, मान्यता प्राप्त पत्रकारों, सैनिकों/भूतपूर्व सैनिकों एवं महिलाओं को अपने कार्य कराने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

अतः उक्त के दृष्टिगत आपको निर्देशित किया जाता है कि प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों, मान्यता प्राप्त पत्रकारों, सैनिकों/भूतपूर्व सैनिकों एवं महिलाओं की सुविधा हेतु प्रदेश के समस्त संभागीय/उप संभागीय परिवहन कार्यालयों में पृथक काउण्टर स्थापित कराया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही उक्त स्थापित किये जाने वाले काउण्टर के सम्मुख ही उनके बैठने की उचित व्यवस्था भी करायें।

(चन्द्र भूषण सिंह)
परिवहन आयुक्त,
उत्तर प्रदेश।

पृ०सं०:— (1)सा०प्र०/2024—समदिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:—
1. वैयक्तिक सहायक, परिवहन आयुक्त कैम्प, मुख्यालय।
2. समस्त अधिकारीगण, मुख्यालय।
3. समस्त उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र), उत्तर प्रदेश।
4. समस्त संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), उत्तर प्रदेश।
5. समस्त संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन), उत्तर प्रदेश।
6. गार्ड फाइल।

अपर परिवहन आयुक्त(राजस्व),
उत्तर प्रदेश।

IASअधिकारी परिवहन कमिश्नर ने पत्रकारों की सुविधा के लिए उठाया कदम

क्कपरिवहन कमिश्नर उत्तर प्रदेश IAS चंद्रभूषण सिंह द्वारा पत्रकारों, भूतपूर्व सैनिकों, सैनिकों, महिलाओं आदि को पूरे उत्तर प्रदेश मे सर्कुलर के माध्यम से आदेश दिया कि किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो और एक अलग काउंटर बनाया जाए।

## आज की कहानी.................

# भेड़ चरानेवाला लड़का और भेड़िया

एक भेड़ चरानेवाला लड़का था। वह रोज भेड़ों को चराने के लिए जंगल में ले जाता था। जंगल में वह अकेला होता था। इसलिए उसका मन नही लगता था। एक दिन उसे मजाक करने की सूझी।

वह जोर जोर से चिल्लाने लगा, 'बचाओ बचाओ भेड़िया आया भेड़िया आया।'

आसपास के खेतो में किसान काम कर रहे थे। उन्होने लड़के की आवाज सुनी वे अपना अपना काम छोड़कर लड़के की मदद के लिए दौड़ पड़े। जब लड़के के पास पहुचे तो उन्हे कही भेड़िया दिखाई नही दिया। किसानो ने लड़के से पूछा, 'भेड़िया तो कहीं है नही फिर तुमने हमे क्यों बुलाया?',

लड़का हँसने लगा उसने कहा, 'मैं तो मजाक कर रहा था। भेड़िया आया ही नही था। जाओ जाओ तुम लोग।'

किसानो ने लड़के को खूब डाटा फटकारा इसके बाद वे लौट गए।

एक बार लडके ने फिर ऐसा ही मजाक किया आसपास के किसान मदद के लिए दौड़ आए। लड़के के इस मजाक पर उन्हे बहुत गुस्सा आया लड़के को डाँट फटकार कर चले गए। कुछ समय बाद एक दिन सचमुच भेड़िया आ पहुँचा भेड़ चरानेवाला लड़का दौडकर पेड़ पर चढ़ गया और मदद के लिए चिल्लाने लगा। पर इस बार उसकी मदद के लिए कोई नही आया सभी ने यही सोचा कि वह बदमाश लड़का पहले तरह मजाक कर रहा है। भेड़िए ने कई भेड़ो को मार डाला इससे लड़के को अपने किए पर बड़ा दुख हुआ।

**शिक्षा -झूठे आदमी की सच्ची बातो पर भी लोग विश्वास नही करते।**

# खाद की कमी व कालाबाजारी से बुरी तरह किसान परेशान

## आखिर प्रशासन क्यों नहीं ले रहा एक्शन

**ग्रामीण सुबह । गुरसरांय (झांसी)**





8 नवंबर शुक्रवार को शासन और जिला प्रशासन के सख्त आदेशों की खुली धज्जियां उड़ाते हुए प्राइवेट खाद दुकानदार ने खाद के लिए हफ्तों से दुकानों पर और समितियों पर चक्कर लगाने के बाद भी मजबूरन होकर कालाबाजारी कर रहे खाद विक्रेता से खाद खरीदने को मजबूर होना पड़ा तो दूसरी ओर सैकड़ों किसान जो ब्लैक में खाद नहीं खरीद सकते थे वह मायूस होकर सरकारी व्यवस्था को कोसते हुए घर भाग गए यह नजारा गुरसरांय स्थित खैर इंटर कॉलेज के सामने चौरसिया एग्री जंक्शन दुकानदार के यहां देखने को मिला यहां 1700 रुपए की शासन के नियम प्रतिकूल धन वसूलकर खाद वितरित की गई और इसका खाद का गोदाम भी दुकान से 1 किलोमीटर दूर गुरसरांय गरौठा मार्ग पर बना हुआ है और दुकान कॉलेज से खाद का टोकन देकर अवैध धन वसूली किसानों से खाद बिक्री की होती रही। कालाबाजारी और खाद बिक्री नियम प्रतिकूल की पुष्टि उस समय खुल्लम खुल्ला होती दिखी जब विकासखंड द्वारा एक ग्राम विकास अधिकारी की ड्यूटी खाद वितरण हेतु लगाई गई थी उसके आने के पहले ही खाद कालाबाजारी में बेचने का मामला साफ जाहिर हुआ है उक्त बात मीडिया से उक्त ग्राम विकास अधिकारी ने मौके पर जब उनसे पूछा गया तो उन्होंने स्पष्ट बता दिया। इस प्रकार कई किसानों भज्जू कुशवाहा निवासी गढ़वई, फूल सिंह खिरिया, रघुवीर सिंह लोड़ी, धर्मेंद्र कुमार गुरसरांय, ब्रगभान नागर सहित कई किसानों ने आपबीती भारी अव्यवस्थाओं, अनियमितताओं की जानकारी मीडिया को मौके पर दी। 8 नवंबर किसानों के लिए जहां अव्यवस्था फैलाने वाले प्राइवेट दुकानदार ने किसानों की कमर तोड़ दी तो दूसरी ओर जिला प्रशासन से लेकर उत्तर प्रदेश शासन के आदेशों का खुला मजाक उड़ाया है। दूसरी ओर प्रशासन कि ओर से इस संबंध में कोई कार्यवाही न करने से किसानों को भी लग रहा है कि अब उनकी फरियाद सुनने वाला अब कोई नहीं है।

# गुरसरांय थाना सभागार में सब इंस्पेक्टरों के स्थानांतरण होने पर दी गई विदाई

**ग्रामीण सुबह । गुरसरांय (झांसी)**

**आयुष त्रिपाठी**



8 नबम्बर शुक्रवार को गुरसरांय थाना सभागार में कस्बा इंचार्ज दिग्विजय सिंह सहित दो महिला पुलिस सब इंस्पेक्टर स्वाति चौधरी, शिवानी तंवर का स्थानांतरण हो जाने पर उक्त तीनों सब इंस्पेक्टरों का गुरसरांय में बेहतरीन कार्यकाल रहने पर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर वेद प्रकाश पाण्डेय ने तीनों सब इंस्पेक्टरों के कार्यकाल प्रसन्नता की और भविष्य में और भी अच्छे तरीके से विभाग द्वारा दी जाने वाली जिम्मेदारियों को कर्तव्य निष्ठा के साथ पालन करते हुये उनके उज्जल भविष्य की कामना की। इस मौके पर बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिकों सहित मीडिया से जुड़े लोगों की ओर से कुंवर रामकुमार सिंह ने विदाई समारोह में सम्बोधित करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण के रूप में दोनों महिला सब इंस्पेक्टरों स्वाति चौधरी, शिवानी तंवर ने प्रशिक्षण उपरान्त अपने प्रथम गुरसरांय नियुक्ति कार्यकाल में जो महिला सशक्तिकरण जागरूकता महा अभियान के तहत कालेज, शिक्षण संस्थाओं से लेकर गांव गली खेत खलियानों में सरकार द्वारा महिलाओं बेटियों के लिये आत्मनिर्भर, सुरक्षा आदि आदि योजनाये चलाई है उनका काम अब्बल रहा है। वह झाँसी जिले ही नहीं प्रदेश में इनका काम अपने में झांसी पुलिस को गौरव पूर्ण स्थान दिलाता है। इसकों लेकर विदाई समारोह में गणमान्य नागरिकों मीडिया के लोगो की ओर से अखिलेश तिवारी सुट्टा, सुनील जैन (डीकू), कौशल किशोर,सोम मिश्रा, सन्दीप श्रीवास्तव, शौकीन खान, कुलदीप यादव (मोनू), हरिशचंद्र नायक, सार्थक नायक आदि ने अंग बस्त्र, पुष्पगुच्छ, माल्यार्पण उक्त तीनों पुलिस अधिकारियों को कर सम्मानित किया। इस मौके पर कस्वा इंचार्ज महेन्द्र सिंह भदौरिया, राहुल कुमार सिंह, प्रवीण कुमार, रामगोपाल दांगी, अशोक सिंह चंदेल, विजय बहादुर सिंह, रामशरण सिंह, जितेंद्र सिंह यादव, कांस्टेबल कृष्ण मुरारी त्रिवेदी, अशोक कुमार पटेल, मंगल सिंह, राहुल कुमार महिला कांस्ट्रेबल अनीशा राजपूत, गोरी, हेमलता, प्रतिभा पटेल सहित बड़ी संख्या में पुलिस स्टाप व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# पत्रकार आयुष त्रिपाठी की दादी के निधन पर हुई शोक सभा

**ग्रामीण सुबह । गुरसरांय (झांसी)**




युवा पत्रकार आयुष त्रिपाठी की दादी एवं रामकुमार त्रिपाठी (बापू) की पत्नी उर्मिला (गौरा वाली) का 73 वर्ष की उम्र में अकस्मात निधन होने पर वरिष्ठ पत्रकार कुंवर रामकुमार सिंह की अध्यक्षता में एक शोक सभा संपन्न हुई। जिसने शोक दिवंगत आत्मा व शोक संतप्त परिवार को धैर्य व शांति हेतु 3 मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस मौके पर फूलसिंह परिहार, अखिलेश तिवारी, गोविंद प्रताप सिंह सिसौदिया, हरिशचन्द्र नायक, कौशल किशोर, सोम मिश्रा, शौकीन खान, संदीप श्रीवास्तव, आशुतोष गोस्वामी, दीपक जैन, सुरेश सोनी सरसैड़ा, बलराम पटेल, सार्थक नायक, कुलदीप यादव मोनू, धर्मेंद्र सोनी बल्ले सहित बड़ी संख्या में कस्बे के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# गौशाला केयर टेकरों को दिया गया प्रशिक्षण

**ग्रामीण सुबह । कोंच**



गौशालाओं में गौवंशजों को सही तरीके से रखा जा सके जिसके लिए गौशाला केयर टेकर को प्रशिक्षित किया जा रहा है और उन्हें गौवंशजों के रख रखाव के लिए प्रभारी पशु चिकित्साधिकारी द्वारा आवश्यक टिप्स दिए जा रहे हैं जिसके तहत दिन शुक्रवार को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को बिकास खण्ड कार्यालय के सभागार में आयोजित किया गया जिसके प्रथम दिन 50 प्रतिशत गौशालाओं के केयर टेकरों को प्रशिक्षण देते हुए प्रभारी चिकित्साधिकारी अटल सिंह यादव ने बताया कि बीमार जानवर या घायल पशुओं को सम्पूर्ण गौवंशजों से अलग रखते हुए उनका प्राथमिक उपचार किया जाए और इसकी सूचना चिकित्सालय को दी जाए और जब केयर टेकर गौशाला में पहुंचे तो सर्व प्रथम सभी गौवंशजों पर नजर डाले और जो गौवंशज कमजोर व बीमार हो उसे अलग करें उसके बाद गौशाला की साफ सफाई व्यबस्थित करें और भूसा या चारा सड़ा न हो काला न हो खराब न हो उसकी जांच करते हुए हरा चारा एक भाग और भूसा तीन भाग डालकर जानवरों को खिलाएं और वहीं पानी की टँकी की नियमित साफ सफाई करते हुए उसमें पानी भरें क्योंकि सर्दियों में जानवरों को ताजा पानी आवश्यक है और अगर कोई गौवंशज गौशाला में मृत हो जाता है तो उसे ससम्मान बिधि अनुसार उसका निस्तारण करें उन्होंने यह भी बताया कि गौशालाओं का संचालन प्रभावित न हो उसके लिए प्रथम दिन 50 प्रतिशत गौशालाओं के केयर टेकरों को प्रशिक्षण दिया गया है शेष केयर टेकरों को अगले दिन प्रशिक्षण दिया जाएगा इस दौरान डॉ रूपेंद्र सिंह ए डी ओ देवेंद्र निरंजन आदि मौजूद रहे।

# अगर मैंने किसी का दिल दुखाया हो, तो माफी चाहूंगा... : विदाई समारोह में सीजेआई चंद्रचूड़

**ग्रामीण सुबह । नई दिल्ली**

भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड़ रविवार को पद से मुक्त हो जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट में आज उनका अंतिम कार्य दिवस है। वह 10 नवंबर को सेवानिवृत्त होंगे लेकिन 9 और 10 तारीख को शनिवार व रविवार को कोर्ट की छुट्टी रहेगी। इसलिए उनके सम्मान में विदाई समारोह आज ही आयोजित किया गया। उनकी जगह अब न्यायमूर्ति संजीव खन्ना लेंगे। वह देश के 51वें मुख्य न्यायाधीश होंगे। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने 9 नवंबर 2022 को भारत के 50वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली थी। 13 मई 2016 को उन्हें इलाहाबाद उच्च न्यायालय से पदोन्नत किया गया था।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने विदाई समारोह के मौके पर भावुक होते हुए कहा, रात को मैं सोच रहा था कि दोपहर दो बजे कोर्ट खाली होगा और मैं स्क्रीन पर खुद को देख रहा होउंगा। आप सभी की मौजूदगी से मैं अभिभूत हूं। सीजेआई ने कहा, जब मैं छोटा था, तो सुप्रीम कोर्ट में आकर यहां की कार्यवाही और कोर्ट में लगी दो तस्वीरों को देखता था। उन्होंने कहा, बॉम्बे हाईकोर्ट में भी न्यायमूर्ति चागला का बहुत प्रभाव था।

**हम सब यात्रियों की तरह, कुछ समय के लिए आते हैं...**

उन्होंने आगे कहा, हम सभी यहां यात्रियों की तरह हैं, जो कुछ समय के लिए आते हैं, अपना काम करते हैं और फिर चले जाते हैं। कोर्ट के रूप में यह संस्थान हमेशा चलता रहेगा और इसमें विभिन्न विचारों वाले लोग आते रहेंगे। मुझे पूरा भरोसा है कि मेरे बाद न्यायमूर्ति खन्ना इस संस्थान को मजबूती और गरिमा के साथ आगे बढ़ाएंगे।

**जीवन को नया दृष्टिकोण देते हैं नए लोग**

सीजेआई ने यह भी बताया कि वह न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा के साथ बैठकर काम करने के अनुभव को बहुत याद करेंगे। उन्होंने कहा, यही कोर्ट है, जो मुझे आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। हम ऐसे लोगों से मिलते हैं, जिन्हें हम नहीं जानते थे और ये अनुभव जीवन को एक नया दृष्टिकोण देते हैं।

**किसी को कोई तकलीफ पहुंची हो तो माफी चाहता हूं....**

उन्होंने आगे कहा, मैं आज बहुत कुछ सीखा हूं। कोई भी मामला पहले के मामले जैसा नहीं होता। अगर कोर्ट में किसी कोई तकलीफ पहुंची हो तो मैं विनम्रतापूर्वक माफी चाहता हूं। अंत में धन्यवाद देते हुए न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, आप सभी का दिल से धन्यवाद, आप इतनी बड़ी संख्या में यहां आए। इसके लिए मैं सदा कृतज्ञ रहूंगा।


सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ का आज आखिरी वर्किंग-डे था। सुनवाई पूरी होने के बाद जब कुर्सी से उठे तो हाथ जोड़कर कोर्ट रूम को प्रणाम किया और विदाई ली। चंद्रचूड़ 10 नवंबर को रिटायर हो रहे है।

चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ का आज अंतिम कार्यदिवस है। वो रिटायर हो रहे हैं। कोर्ट में आज ऑन बोर्ड अंतिम केस की सुनवाई के बाद जस्टिस चंद्रचूड़ ने कोर्टरूम को अलविदा कह दिया।

# साहूकारों के मकड़जाल में उलझा नगर, कुछ ने की खुदकुशी तो तमाम घर छोड़ भागे

**ग्रामीण सुबह । जालौन**

**सुशील श्रीवास्तव**



आर्थिक तंगी व कर्जदारों से तंग कार वर्कशॉप संचालक ने रस्सी का फंदा गले में डालकर खुदकुशी कर ली। इससे पूर्व उसने सुसाइड नोट भी लिखकर रखा। जिसमें उसने कर्जदाताओं के नाम भी लिखे हैं। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं, पुलिस सुसाइड नोट की भी जांच कर रही है। जनपद कानपुर देहात के सिकंदरा निवासी निसार अली (45) हाल निवास मोहल्ला तोपखाना लगभग दो वर्ष पूर्व परिवार के साथ जालौन आ गए थे। वह अनस गेस्ट हाउस के पास किराए के मकान में रह रहे थे। साथ ही औरैया रोड पर चुंगी नंबर नंबर चार के आगे एमए मोटर्स मल्टी ब्रांड वर्कशॉप खोला था। जहां वह कारीगरों से डेंटिंग पेंटिंग और अन्य कार्य कराते थे। लेकिन जैसी उम्मीद उन्हें वर्कशॉप के चलने की थी वैसा वह चला नहीं। जिसके चलते उन पर काफी कर्ज हो गया था। यह कर्ज बढ़ता ही जा रहा था। मोहल्ले के लोगों के अनुसार शुक्रवार की सुबह वह घर से नमाज पढ़ने के लिए निकले थे। नमाज पढ़कर वह सीधे वर्कशॉप चले गए। जहां उन्होंने रस्सी से फांसी का फंदा बनाकर टिन शैड पर बांध दिया। इसके बाद गले में फंदा डालकर वह उस पर लटक गए। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सुबह जब काम के लिए कुछ लोग वर्कशॉप पर पहुंचे तो उनके शव को फांसी के फंदे पर लटका देखकर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सीओ शैलेंद्र बाजपेई, कोतवाल वीरेंद्र पटेल पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। जहां पुलिस को एक सुसाइड नोट मिला। जिसमें लिखा था कि वह आर्थिक रूप से परेशान हैं। उन पर कर्जदारों का बोझ है। वर्कशॉप का काम नहीं चलने की वजह से वह कर्ज चुका नहीं पा रहे हैं और भविष्य में भी वर्कशॉप के चलने की उम्मीद नजर नहीं आ रही है। ऐसे में उन्होंने लिखा कि उनके वर्कशॉप का सामान बेचकर कर्जदारों का कर्ज चुका दिया जाए। बाकी जो रुपये बचें तो वह उनके बच्चों को दे दिए जाएं।

# स्टॉप डायरिया के तहत हीरापुर में डिटॉल नेट जीरो जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**ग्रामीण सुबह । जालौन**

**सुशील श्रीवास्तव**

स्टॉप डायरिया कार्यक्रम के तहत टीकाकरण केन्द्र हीरापुर में डिटॉल नेट जीरो जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ब्लाक कोऑर्डिनेटर रूद्र प्रताप सिंह सिंह ने ग्रामीणों को बरसात के मौसम में डायरिया से बचने के लिए स्वच्छता को अपनाने की अपील की। टीकाकरण केंद्र हीरापुर में आयोजित स्टाप डायरिया कार्यक्रम में आयोजित कार्यक्रम में ब्लाक कोऑर्डिनेटर रूद्र प्रताप सिंह ने कहा कि जीवन में स्वच्छता का विशेष महत्व है। स्वच्छता से हमारा स्वास्थ्य बेहतर होता है। जब स्वास्थ्य अच्छा होता है तो हमारी आयु भी बढ़ती है। उन्होंने महिलाओं से आग्रह किया कि वह शौच के बाद, खाना बनाने व खाने से पहले साबुन से हाथों को अवश्य धोये। उन्होंने महिलाओं को हाथ धोने का वैज्ञानिक व सही तरीका बताया। उन्होंने हाथ धोने के 6 पॉइंट बताए गए जिसमें 20 सेकंड तक हाथ धोने के तरीके को बताया। हाथ धोने से कई तरह की बीमारियां से दूर रहते हैं गंदे हाथों में बैक्टीरिया पाए जाते हैं।गंदे हाथों से अगर आप कुछ खा लेते हैं तो वही बैक्टीरिया आपके अंदर चले जाते हैं और कई तरह की बीमारियां हो जाती है हाथ स्वच्छ रहेंगे तो आप बीमार नहीं पड़ेंगे विस्तार पूर्वक महिलाओं और बच्चों को समझाया और डेमो दिखाकर समझाएं और अपने घर के आसपास स्वच्छता वर्तनी को कहा गया है। उन्होंने कहा कि डायरिया से बचना है तो स्वच्छता को अपनाना है।उन्होंने रोटावायरस टीकाकरण की विस्तार से जानकारी दी। जी डी सुलेखा ने स्तनपान, ओ आर एस घोल व जिंक के प्रयोग की जानकारी दी। इस मौके पर ए एन एम धीरज सिंह, प्रधान गिरीश याज्ञिक, ग्राम पंचायत सदस्य दीपक प्रजापति, सोमवती, गुड्डी, किरन, सोनी, अर्चना, पवित्रता, प्रियंका आदि मौजूद रही।

# एसडीएम विनय मौर्य ने हदरुख बी पैक्स सहकारी समिति का निरीक्षण कर खाद की उपलब्धता परखी

**ग्रामीण सुबह । जालौन**

**सुशील श्रीवास्तव**




किसानों को खाद की उपलब्धता सुनिश्चित कराने और उन्हें खाद मिलने में कोई परेशानी न हो इसके लिए एसडीएम विनय मौर्य ने हदरुख बी पैक्स सहकारी समिति का निरीक्षण कर खाद की उपलब्धता को देखा और आवश्यक निर्देश दिए। इस समय किसानों पर खेत में खाद की आवश्यकता है। खाद के लिए कई जगहों पर किसानों को परेशान होना पड़ रहा है। ऐसे में किसानों को खाद की उपलब्धता सुनिश्चत कराने के लिए एसडीएम विनय मौर्य ने हदरूख बी पैक्स सहकारी समिति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने समिति में डीएपी, यूरिया, नैनो यूरिया के स्टॉक को चेक किया। निरीक्षण के दौरान पर्याप्त मात्रा में यूरिया मिली। इसके अलावा नैनो यूरिया की 250 बोतल स्टॉक में मिली। उपलब्ध खाद का स्टॉक रजिस्टर से मिलान किया गया। समिति के रखरखाव और दस्तावेज भी चेक किए गए। जिसमें सब ठीक ठाक मिला। समिति के सचिव को एसडीएम ने निर्देशित कर कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा खाद मिलने में न हो पाए। शासन की मंशा के अनुरूप कार्य किया जाए। किसान किसी भी तरह परेशान न होने पाएं इसका खास ध्यान रखें।

# सहकारी समितियों तथा खाद की दुकानों का किया औचक निरीक्षण - उपजिलाधिकारी

**ग्रामीण सुबह | कालपी**

कृषकों को उर्वरक एवं बीज की सुचारू तरीके से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने सहकारी समितियों, प्राइवेट दुकानों एवं बीज भंडारों का औचक निरीक्षण किया तथा कमियां पाए जाने पर जिम्मेदारों को सख्त हिदायत दी। इस दौरान उपजिलाधिकारी ने कृषकों से संवाद स्थापित करके खाद वितरण एवं ओवर रेटिंग के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय के निर्देशन पर उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने सहकारी समिति छौंक, किसान सहकारी समिति महेवा, पीसीएफ केंद्र, आटा बहुउद्देश्यीय प्राथमिक सहकारी समिति का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान छौंक सहकारी समिति के सचिव रामबाबू ने बताया कि यूरिया की खेप आने वाली है। उपलब्धता के बाद कृषकों को खाद उपलब्ध कराई जाएगी। इसी क्रम में उन्होंने टरननगंज बाजार कालपी में स्थित उर्वरक की दुकानों सत्यम फर्टिलाइजर तथा गुप्ता खाद भंडार का निरीक्षण करके डीलरों को निर्देशित किया कि निर्धारित रेटों में डीएपी का वितरण किया जाए, अगर कोई भी दुकानदार ओवर रेटिंग करता पाया जाता है तो



उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। उपजिलाधिकारी ने राजकीय बीज भंडार महेवा का भी निरीक्षण किया। गोदाम में गेहूं को छोड़कर अन्य जिंसों का बीज उपलब्ध पाया गया। उपजिलाधिकारी ने बीज भण्डार के प्रबंधक को निर्देशित किया कि नियमानुसार तरीके से ही बीज का वितरण किया जाए, इस कार्य मे किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नही किया जाएगा।

# पूर्व विधायक के घर पर हुई चोरी के मामले में अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ग्रामीण सुबह | कालपी**

बुधवार की रात अज्ञात चोर के द्वारा एक मकान से चोरी की घटना को लेकर पीड़ित भाई की तहरीर पर कालपी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ जुर्म धारा 331 (4) 305 के तहत मुकदमा कायम कर विवेचना टरननगंज चौकी प्रभारी रणधीर सिंह को जांच हेतु सौपी। नगर के मोहल्ला भट्टीपुरा निवासी पूर्व विधायक भाजपा नेता डॉ अरुण मेहरोत्रा पुत्र स्वर्गीय मोती चंद वर्मा ने कोतवाली कालपी में मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया कि बुधवार की मकान में मैं तथा मेरे भाई अनूप मेहरोत्रा समेत परिवार अपने अपने मकान के पोर्शन में सो रहे थे वहीं क्लीनिक में अलग-अलग कमरों में सुरक्षा गार्ड एवं चौकीदार सो रहा था तभी उसी रात को अज्ञात चोर मेरे क्लीनिक की छत के ऊपर से चढ़कर भाई के मकान में कई तालों के कुंदा तोड़कर प्रवेश होते हुए भगवान के कमरे में रखे हुए चार चांदी के सिक्के तथा एक अलमारी में रखे हुए नगद 10 हजार रुपए समेत सामान लेकर नौ दो ग्यारह हो गए सुबह हम लोग जगे उसी समय मेरी भाभी ने दरवाजों के अलमारी के ताले टूटे देखकर भौंचक्का रह गई चोर के द्वारा उक्त सामान ले जाना बताया गया है और सामान ले जाना नहीं बताया गया है उक्त घटना में प्रभारी निरीक्षक एवं चौकी प्रभारी ने एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर चोरी का खुलासा करने की कवायत शुरू कर दी है वही प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि चोरी की घटना को सही खुलासा करने में समय लगता है फिर भी शीघ्र खुलासा कर चोरों को जेल के सलाखों में भिजवाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी।

# याता यात जागरूकता के तहत गल्ला मण्डी में किसानों को जागरूक कर ट्रेक्टरों में लगवाए रिफ्लेक्टर

**ग्रामीण सुबह | कालपी**

शुक्रवार को मण्डी परिसर में यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें ए आर टी ओ ने 75 ट्रेक्टर ट्राली मे रिफ्लेक्टर लगाकर किसानो को यातायात नियमो की जानकारी दी और उनका पालन करने के लिए प्रेरित किया। स्थानीय गल्ला मण्डी परिसर में आयोजित यातायात जागरूकता कार्यक्रम के दौरान ए आर टी ओ सुरेश वर्मा ने किसानो को यातायात नियमो की जानकारी देते हुये कहा कि वाहनो मे







रिफ्लेक्टर बेहद जरूरी है इससे रात के दौरान रोशनी पडने पर वाहन दूर से दिखाई दे जाता है और दुर्घटना से पहले सामने वाला सावधान हो जाता है ।वही इस दौरान रिफ्लेक्टर लगाते हुए ए आर टी ओ प्रवर्तन विनय पाण्डेय ने ट्रेक्टर चालको को आगाह करते हुए कहा कि इंसान की जान इस दुनियां में सबसे कीमती है इसलिए वह यातायात नियमो के पालन मे कोताही न बरते और इसके लिए अपने वाहन को निर्धारित गति सीमा मे चलाए जिससे दुर्घटना से बचा जा सके साथ ही उन्होने वाहन चालको को अपने वाहनो के कागजात भी दुरूस्त रखने के लिए कहा जिससे किसी आपात स्थिति में परेशान न होना पडे। उक्त अवसर पर मण्डी प्रभारी सचिव मनोज कुमार, के अलावा समाज सेवी सोनू सिंह प्रधान पिपरौधा सहित बडी संख्या में गल्ला व्यापारी भी उपस्थित रहे।

# टीमों ने मुहल्लों में घूम-घूम कर बकायेदारों के बिजली कनेक्शन काटे, ढाई लाख की वसूली

**ग्रामीण सुबह | कालपी**

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड के निर्देश के अनुरूप विद्युत विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों की 2 टीमें राजस्व वसूली के लिये नगरीय क्षेत्र के मुहल्लो में उतर पड़ी। विभागीय टीमों के द्वारा 70 कामर्शियल तथा बड़े बकायेदार उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने की कार्यवाही की तथा ढाई लाख रुपए राजस्व वसूली की गई। शुक्रवार को सुबह से ही उपखंड अधिकारी आदर्श राज तथा अवर अभियंता जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में 2 टीमों के द्वारा चैकिंग तथा राजस्व वसूली अभियान शुरू किया गया। टीमों के द्वारा मिर्जा मंडी, रामचबूतरा, दमदमा हरीगंज, कागजीपुरा, टरनंनगंज, आलमपुर रामगंज आदि मुहल्लों के प्रतिष्ठानों तथा घर घर जाकर बिजली चैकिंग की गई। एसडीओ ने बताया कि विद्युत देय राशि की वसूली करने के लिए विभाग गंभीर है। उन्होंने कहा कि पावर कारपोरेशन के निर्देश पर 10 हजार रुपए से अधिक के बड़े बकायदारों पर कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि विभागीय टीमों ने चिन्हित बड़े बकायेदारों के आवासों तथा प्रतिष्ठानों में चेकिंग की तथा बकाया



विद्युत देय राशि को जमा करने के लिए अभियान चलाया। उपखंड अधिकारी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि अपने-अपने विद्युत बिलों की धनराशि को समय से जमा करके अनावश्यक परेशानी से बचें। रिंकू पोरवाल दिलीप कुमार, फ़हमीद खान, अजय कुमार निगम, सीताराम लल्लन सतीश कुमार सुनील कुमार, फरियाद ख़ान, साबिर खान, सादिक, अहमद खान कोमल सिंह आदि लाइन मैन तथा कर्मचारी अभियान में जुटे रहे। विभागीय सूत्रों के मुताबिक चेकिंग तथा वसूली अभियान निरंतर गतिशीलता से चलता रहेगा।

# गौशाला तथा प्राइवेट खाद की दुकान का निरीक्षण कर जरूरी निर्देश दिये - उपजिलाधिकारी

**ग्रामीण सुबह | कालपी**

शुक्रवार को उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने आटा गांव की गौशाला तथा प्राइवेट खाद की दुकान का औचक निरीक्षण। इस दौरान ओवर रेटिंग खाद के मामले में डीलर को जरूरी निर्देश दिये। उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह औचक ढंग से आटा गौशाला पहुंचे। जहां उन्होंने गौशाला में स्थापित सीसीटीवी कैमरो का निरीक्षण किया। इस दौरान गौशाला के भूसे, हरे चारा, दाना के स्टॉक व रखरखाव देखा। परिसर में मौजूद गायों की गणना कर



अभिलेखों से मिलान किया। गौशाला में पानी तथा प्रकाश व्यवस्था का भी जायजा लिया। गायों के संरक्षण छाया आदि व्यवस्था को परखा। मौके पर मौजूद ग्राम प्रधान तथा ड्यूटी में मौजूद कर्मियों को निर्देश दिए कि परिसर में सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए। इसी क्रम में एसडीएम के द्वारा प्राइवेट उर्वरक की दुकान का निरीक्षण किया गया। उन्होंने दुकानदार को हिदायत दी है कि खाद की बिक्री में ओवर रेटिंग कतई न की जाए किसानों को निर्धारित कीमत में खाद उपलब्ध कराई जाए।

# नहीं रूक रहा वाहन चोरी का सिलसिला आज फिर घर के बाहर खड़ी ईको कार चोरी

**ग्रामीण सुबह | कालपी**

नगर में वाहन चोरों ने एक बार फिर अपना करिश्मा कर डाला अभी कुछ समय पहले एसडी ओ विधुत की कार चोरी हो गई जिसका अभी तक कोई पता नहीं चला इसके बाद मुहल्ला आलमपुर से एक बाइक चोरी हुई जो बरामद हो गई आज फिर चोरों ने नगर क्षेत्र के करीबी ग्राम मोतीनगर जोल्हूपुर मोड़ से घर के बाहर खड़ी ईको किर अज्ञात चोर चुरा कर ले गये! प्राप्त जानकारी के अनुशार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मोती नगर कालपी जालौन निवासी रघुवीर प्रसाद पुत्र सीताराम की ई को कार नम्बर Up92 AH3156 रंग सफेद घर के बाहर खड़ी जी !तभी दिन शुक्रवार दिनांक 08-11-2024 को सुबह लगभग 5बजे जब प्रार्थी ने घर के बाहर आकर देखा तो गाढ़ी नदारत थी! काफी खोजबीन की पर कोई पता नहीं चला! जिसकी सुचना कोतवाली कालपी में देकर गाढ़ी बरामद करने की गुहार लगाई है!

# वाहन एवं अज्ञात चालक पर हुआ मुकदमा दर्ज

**ग्रामीण सुबह | कालपी** सड़क में 23 दिन पूर्व सड़क दुर्घटना में व्यक्ति घायल घटना को लेकर पीड़ित की तहरीर पर कालपी पुलिस ने बोलोरो गाड़ी नंबर यूपी 92 एल 8314 तथा अज्ञात चालक के खिलाफ जुर्म धारा 281, 125 बीएनएस के तहत मुकदमा कायम कर विवेचना उप निरीक्षक पुत्तू लाल यादव को जांच हेतु सौंपी। ग्राम देवपुरा निवासी सत्येंद्र पुत्र अरविंद ने कोतवाली कालपी में मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया कि 10 अक्टूबर वर्ष 2024 को सुबह मेरा भाई वीर बहादुर गांव के शर्मा की चक्की तथा सड़क किनारे खड़ा था तभी उक्त बोलोरो गाड़ी का अज्ञात चालक गाड़ी को तेजी गति से लापरवाही चला करके जबरदस्त टक्कर मार दी जिससे मेरे भाई बुरी तरह से घायल हो गया मैं अपने भाई का ईलाज करता रहा इसलिए मुकदमा दर्ज कराने में देरी हुई है।

# सामूहिक विवाह योजना के लिए पंजीयन करायें - ई ओ

**ग्रामीण सुबह | कालपी** कालपी जालौन - नगर पालिका परिषद कालपी के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला ने बताया कि आगामी 22 नवंबर को उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा सामूहिक विवाह योजना के तहत कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसलिए इच्छुक एवं पात्र लोग ऑनलाइन पंजीयन कर ले। उन्होंने बताया कि वर वधु पक्ष के लोगों को पंजीयन कराने के लिये सरल व्यवस्था लागू है।उन्होंने कहा कि 22 नवंबर को विशिष्ट गल्ला मंडी कालपी रोड उरई में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह योजना के कार्यक्रम में वर-वधू पक्ष को निर्धारित जरूरी सामान एवं खाने की व्यवस्था कराई जाएगी। उन्होंने पात्र लोगों से योजना का लाभ हासिल करने की अपील की है।

# कोतवाली प्रभारी की सूज बूझ से वर्षों से चल रहे जमीनी विवाद को दोनों पक्षों का आपस में कराया समझौता

**ग्रामीण सुबह | कालपी**

नगर के एक परिवार में कई सालों से दो पक्षों के बीच अपने-अपने शिकायती पत्र अधिकारियों को देने की जंग चल रही थी वहीं कोतवाली कालपी के प्रभारी निरीक्षक के निर्देश पर गणमान्य लोगों की मौजूदगी में पुलिस ने अपना रवैया दिखाकर पक्षों की सहमत से समझौता कराया। खबर के अनुसार नगर के मोहल्ला तरीबुल्दा निवासिनी प्रथम पक्ष गुड्डी देवी पत्नी बारे यादव द्वितीय पक्ष सूबेदार विजय सिंह जगत सिंह पुत्र गण स्वर्गीय रामचरन समेत दोनों के बीच खेती के बाबत दोनों पक्ष आए दिन मुख्यमंत्री पोर्टल से लेकर शीर्ष अधिकारियों को अपने-अपने शिकायती पत्र देकर बराबर जंग चल रही थी वही उक्त प्रकरण को कोतवाली कालपी के प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक ने संज्ञान में लेकर रामगंज चौकी प्रभारी इंद्रमणि को जांच सौंप कर मामला समाप्त करवाने के कड़े निर्देश दिए निर्देश मिलते ही चौकी प्रभारी ने बीते दिन गुरुवार को दोनों पक्षों को कोतवाली में बुलवाकर गणमान्य लोगों की मौजूदगी में खेती के अभिलेखों का अवलोकन किया वहीं जांच दौरान द्वितीय पक्ष के अभिलेख सही पाए जाने पर प्रथम पक्ष के पास खेती कोई अभिलेख न दिखा कर अवैध तरीके से खेती को लेने के लिए बराबर अड़चन पैदा करती थी वही दोनों लोगो को कड़े तेवर दिखाये दोनों पक्ष समझौता के लिए राजी हो गए मौजूद गणमान्य लोगों के बीच लिखित समझौता करा कर समझौता कराया तथा एक-एक छाया प्रति लिखित पत्र सौंप कर प्रेम पूर्वक रहने के निर्देश दिए वही दोनों पक्षों को लड़ाई न लड़ने के निर्देश दिए वहीं दोनों पक्षों ने प्रभारी निरीक्षक समेत पुलिस स्टाफ की भूर भूर प्रशंसा की।

# भीषण सड़क हादसे में युवक की मौत, परिवार में छाया मातम

**ग्रामीण सुबह | कुठौंद**

थाना कुठौंद क्षेत्र के ग्राम बहादुरपुर के पास भीषण सड़क हादसा विलोहा मार्ग पर सरवन सिंह शहीद गेट के 250 मीटर पीछ वह सड़क हादसा जिसमें मोटरसाइकिल सवार अजय कुमार वर्मा पुत्र सियाराम की मौके पर मौत मृतक के इकलौता एक पुत्र जिसका नाम आदित्य वर्मा जिसके रो रो का बुरा हाल तथा बुजुर्ग पिता वे सुध लड़के की बातों को सुन मौके पर भीड़ तथा ग्रामीण सभी भावुक हो रहे थे मृतक नम्र स्वभाव का व्यक्ति था तथा अपनी दुकान



के सामान खरीदने के लिए रोज की तरह है बाजार जाता था सड़क हादसा इतना भीषण की मोटरसाइकिल दूसरी तरफ रोड के किनारे पड़ी थी सूचना पर पहुंची पीआरबी ने तथा चौकी प्रभारी ने तत्काल ही पीआरबी वाहन में लेकर उपचार के लिए दौड़ पड़े शायद की कही ईश्वर की मदद से किसी का परिवार बच जाए लेकिन डाक्टरों ने मृत घोषित किया।

# कथा श्रवण से होता है मानव जीवन का उद्धार

**गिर्राज जी महाराज को लगा छप्पन भोज**

**ग्रामीण सुबह | कोंच अमीटा**



कोंच तहसील अंतर्गत ग्राम अमीटा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में पंचम दिवस की कथा में कथाव्यास पं. श्री अंशुल दीक्षित जी महाराज ने भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि कलयुग में सच्चे मन से भागवत कथा सुनने मात्र से मनुष्य के जन्म जन्मांतर के पाप धुल जाते हैं। साथ ही सभी प्रकार के दुखों से मुक्ति तो मिलती है वहीं जीवन का भी उद्धार होता है। अमीटा ग्राम प्रधान श्रीमती सिन्दूरी -श्री कमलेश कुशवाहा द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण भक्ति सत्संग एवं ज्ञान यज्ञ सप्ताह के पांचवें दिन कथा व्यास जी ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन एवं गिर्राज जी पूजन की कथा सुनाते हुए कहा कि। अप्रासंगिक हो चुकीं परम्पराओं को तोड़ने का साहस कृष्ण ही कर सकते थे। मैं सर्वशक्तिमान हूँ, यह इन्द्र का अहंकार था. कृष्ण ने जनसहयोग से गोवर्धन पर्वत को अपनी उँगली पर उठाकर, इन्द्र का झूठा अभिमान तोड़ा. गोवर्धन पर्व की यही कहानी है जो वर्षों से हमारी परम्परा में है, हम सभी के स्वभाव में है. अहंकार की पराजय तय होती है, उसके सामने हमेशा बड़ी लकीर खींची ही जाती है. लोकस्मृति में रचे-बसे गोवर्धन - पूजा की कथा सुन कर श्रद्धालु भावविभोर हो गये। श्री गिरिराज जी का पूजन कर 56 प्रकार के व्यंजन का भोग लगवाया यजमान परिवार ने विशेष आरती की। संगीतमय भजन गाकर संगीतकारों ने भक्तों को आनंद विभोर कर दिया। कथा में बड़े लला, विनय प्रताप सिंह कुशवाहा, प्रदीप कुशवाहा, लालजी, प्रशांत, तनु, साक्षी, सागर, यश प्रताप, मधुर, काव्या, कान्हा, दिव्यांशु आदि समस्त परिवार जन क्षेत्रवासी उपस्थित रहे!



# श्रीमद्भागवत कथा का दूसरा दिन गलती हो जाए तो प्रायश्चित जरूर करें: पंडित शुभम कृष्ण जी महाराज

**ग्रामीण सुबह | रामपुरा**

नगर में देवांशी इलेक्ट्रॉनिक & फर्नीचर के सौजन्य शंकर जी की कुटिया पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन को कथा व्यास पंडित शुभम कृष्ण जी महाराज ने कहा कि मनुष्य से गलती हो जाना बड़ी बात नहीं। लेकिन ऐसा होने पर समय रहते सुधार और प्रायश्चित जरूरी है। ऐसा नहीं हुआ तो गलती पाप की श्रेणी में आ जाती है। कथा व्यास ने पांडवों के जीवन में होने वाली श्रीकृष्ण की कृपा को बड़े ही सुंदर ढंग से दर्शाया। कहा कि





परीक्षित कलियुग के प्रभाव के कारण ऋषि से श्रापित हो जाते हैं। उसी के पश्चाताप में वह शुकदेव जी के पास जाते हैं। भक्ति एक ऐसा उत्तम निवेश है, जो जीवन में परेशानियों का उत्तम समाधान देती है। साथ ही जीवन के बाद मोक्ष भी सुनिश्चित करती है। कथा व्यास ने कहा कि द्वापर युग में धर्मराज युधिष्ठिर ने सूर्यदेव की उपासना कर अक्षयपात्र की प्राप्ति किया। हमारे पूर्वजों ने सदैव पृथ्वी का पूजन व रक्षण किया। इसके बदले प्रकृति ने मानव का रक्षण किया। भागवत के श्रोता के अंदर जिज्ञासा और श्रद्धा होनी चाहिए। परमात्मा दिखाई नहीं देता है वह हर किसी में बसता है। उक्त मौके पर परीक्षित कमला, शत्रुघ्न शिवहरे सहित श्रोतागण मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक जालौन ने पुलिस लाइन उरई में परेड की सलामी लेकर विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया, कर्मचारियों को दिए आवश्यक निर्देश





**ग्रामीण सुबह । उरई** पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा पुलिस लाइन उरई में शुक्रवार परेड की सलामी ली गई तदोपरान्त पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण एवं पुलिस कर्मचारीगण का अर्दली रूम कर सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिये गये। इस दौरान क्षेत्राधिकारीगण भी मौजूद रहे।



**ग्रामीण सुबह । उरई** थाना जालौन क्षेत्रान्तर्गत एक व्यक्ति द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने पर थाना जालौन पुलिस द्वारा मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही पूर्ण कर पोस्टमॉर्टम हेतु भेजा गया है।




**ग्रामीण सुबह । उरई** पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारीगण के साथ गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअली जनसुनवाई कर थानों/कार्यालयों में आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के उचित, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।

**ग्रामीण सुबह । उरई** 'मिशन शक्ति' अभियान फेज-5 के अन्तर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु जनपद जालौन की महिलाओं/बालिकाओं को पुलिस और सरकार की तरफ से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं आदि की जानकारी दी जा रही है । महिलाओं/बालिकाओं को नारी सुरक्षा/मिशन शक्ति अभियान के तहत विभिन्न हेल्प लाइन नम्बर वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102 एम्बुलेंस सेवा 108 व साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों के सीयूजी नम्बर आदि के बारे जानकारी देते हुए 24 घण्टे पुलिस सहायता प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया जा रहा है तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों, जरूरी सूचनाओं, कल्याणकारी योजनाओं एवं सुरक्षा संबंधी जानकारियों सहित बुकलेट/पैम्पलेट आदि भी वितरित किये जा रहे हैं ।

# कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की गुहार

**ग्रामीण सुबह । कोंच**

अब कोंच कोतवाली मे प्रार्थना पत्र देते हुये तुलाराम पुत्र मिट्ठू लाल निवासी ग्राम मंगरा थाना कैलिया ने अवगत कराया है की प्रार्थी की पुत्री दिनांक चार नम्बवर को समय करीब नो बजे दिन ई रिक्शा से नाथूराम पूरोहित बालिका इंटर कालेज के लिये घर से आई थी प्रार्थी की पुत्री कक्षा बारह की छात्रा है और वह सीधी साधी लड़की है जब प्रार्थी की पुत्री कालेज से लौट कर नही आई तो प्रार्थी ने अपनी पुत्री की तलाश की तब पता चला की भास्कर उर्फ मोनू आदि ने जबर जस्ती ताकत के बल पर अपने बंधक बनाकर ले गये इस बात का पता दिनांक 6 नम्बव को हुआ प्रार्थी घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिये कोंच थाना गया तो प्रार्थी से यह कहा की जांच करने के बाद रिपोर्ट लिखी जायेगी प्रार्थी काफी भयभीत है की उसकी लड़की के साथ कोई अप्रिय घटना होने की सम्भावना है और वह असहाय व गरीब व्यक्ति है उसने रिपोर्ट दर्ज कर कार्य वाही की गुहार लगाई है।



# बिजली कटौती से बघोरा बाईपास के लोग परेशान, एक्सईएन से की शिकायत

**ग्रामीण सुबह । उरई**

बघोरा बाईपासः शहर के बघोरा बाईपास क्षेत्र में बिजली कटौती की गंभीर समस्या ने स्थानीय निवासियों का जीवन दूभर कर दिया है। क्षेत्र के लोगों ने बिजली विभाग के एक्सईएन जितेंद्र नाथ से मिलकर अपनी समस्याओं को लेकर शिकायत दर्ज की है। उन्होंने बताया कि 24 घंटे में केवल 6 से 8 घंटे ही बिजली उपलब्ध होती है, और कई दिनों से रात में बिजली गायब रहने के कारण उन्हें पूरी रात जाग कर गुजारनी पड़ रही है। बिजली कटौती से बच्चों की पढ़ाई पर गहरा असर पड़ रहा है, और रातभर बिजली न होने से बच्चों को सुबह स्कूल जाने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। स्थानीय निवासी बताते हैं कि घर के पुरुषों के लिए भी यह समस्या काम पर जाने में रुकावट पैदा कर रही है। मोहल्ले वालों ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उनकी लाइन ग्रामीण ट्रांसफार्मर से जोड़ी गई है, जबकि उनके बिल शहरी क्षेत्र के अनुसार आते हैं। इससे मोहल्ले के लोगों में बिजली विभाग के प्रति गहरी नाराजगी है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि बिजली विभाग के कर्मचारी चेकिंग के नाम पर बिना सूचना के घरों में दाखिल हो जाते हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं होता। 'हम बिजली के बिल समय से भरते हैं, फिर भी हमें नियमित बिजली नहीं मिल रही है,'एक निवासी ने नाराजगी जताते हुए कहा। कई बार अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद भी केवल आश्वासन मिलते हैं, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। बिजली विभाग के एक्सईएन जितेंद्र नाथ ने आश्वासन दिया है कि क्षेत्र की समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा। लेकिन कब तक यह समस्या हल होगी, यह देखने की बात होगी।



# उरई के विकास के लिए समाजसेवी प्रवीण पाल ने दिए सुझाव

**ग्रामीण सुबह । उरई**

सामाजिक चिंतक और समाजसेवक प्रवीण पाल ने उरई के समग्र विकास के लिए अपनी अहम राय प्रस्तुत की है। उन्होंने शहर के विकास के लिए कुछ आवश्यक कदमों पर जोर दिया है, जिनमें बुनियादी ढांचे में सुधार, स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, शिक्षा के अवसरों को बढ़ावा, स्वच्छता अभियान, और स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट शामिल हैं।

प्रवीण पाल का मानना है कि उरई को एक विकसित शहर बनाने के लिए स्थानीय प्रशासन और नागरिकों के बीच समन्वय जरूरी है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने और उच्च शिक्षा संस्थानों की स्थापना पर जोर दिया है। साथ ही, उन्होंने शहर में बेहतर सड़कें, सीवेज सिस्टम, और नियमित बिजली-पानी आपूर्ति की आवश्यकता भी बताई।

प्रवीण पाल ने कहा कि उरई के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों का संरक्षण और उनके माध्यम से पर्यटन को बढ़ावा दिया जाना चाहिए, जिससे शहर के आर्थिक विकास में वृद्धि हो सके। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि डिजिटल कनेक्टिविटी और ई-गवर्नेंस के माध्यम से उरई को स्मार्ट सिटी के रूप में स्थापित किया जा सकता है।

प्रवीण पाल के इन सुझावों को स्थानीय प्रशासन और समाज के अन्य प्रबुद्ध नागरिकों ने सराहा है, और उम्मीद जताई है कि उनके विचारों के आधार पर उरई के विकास में नई दिशा मिलेगी।

**1. बुनियादी ढांचे में सुधार**

सड़कें और यातायात॰ उरई में कई प्रमुख सड़कों की हालत खराब है, जिससे यातायात बाधित होता है। बेहतर सड़क निर्माण और चौड़ीकरण, साथ ही यातायात प्रबंधन के लिए डिजिटल सिग्नल, पैदलपथ और साइकिल लेन की आवश्यकता है।



पार्किंग की सुविधा॰ भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पार्किंग का अभाव है, जिससे जाम की स्थिति बनती है। मल्टी-लेवल पार्किंग सिस्टम का निर्माण करके यातायात को सुगम बनाया जा सकता है।

**2. जल निकासी और सफाई व्यवस्था**

सीवेज और जल निकासी॰ बरसात में जलभराव की समस्या हर साल देखी जाती है। आधुनिक जल निकासी प्रणाली, सीवेज लाइन और नियमित सफाई की व्यवस्था आवश्यक है।

स्वच्छता अभियान॰ स्वच्छता में सुधार के लिए हर क्षेत्र में नियमित कूड़ा उठाने और कूड़ा प्रबंधन के लिए वैज्ञानिक व्यवस्था का होना जरूरी है।

**3. स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार**

अस्पतालों की संख्या और सुविधाएं॰ सरकारी और निजी अस्पतालों में अत्याधुनिक उपकरणों और योग्य चिकित्सकों का होना आवश्यक है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को अपग्रेड कर ग्रामीण क्षेत्रों तक भी अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाई जा सकती हैं।

स्वास्थ्य शिविर॰ स्वास्थ्य जागरूकता के लिए समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर और निःशुल्क चिकित्सा जांच के कार्यक्रम चलाए जाने चाहिए।

**4. शिक्षा के अवसरों का विस्तार**

शिक्षा संस्थान॰ उच्च शिक्षा के लिए शहर में और संस्थानों की जरूरत है, जैसे कि इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेज।

तकनीकी शिक्षा केंद्र॰ स्थानीय युवाओं को तकनीकी शिक्षा देने के लिए सरकारी एवं निजी प्रशिक्षण केंद्रों का निर्माण किया जा सकता है।

**5. स्वरोजगार और रोजगार के अवसर**

स्थानीय उद्योगों का विकास॰ शहर में छोटे उद्योगों और हस्तशिल्प को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। सरकारी योजनाओं के तहत उद्योगों के लिए वित्तीय सहायता, प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण और मार्केटिंग सहायता से स्वरोजगार के अवसर उत्पन्न किए जा सकते हैं।

स्टार्टअप्स को बढ़ावा॰ युवाओं में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए स्टार्टअप्स को सुविधाएं, कम ब्याज दर पर लोन, और बिजनेस इन्क्यूबेशन केंद्र की आवश्यकता है।

**6. स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट**

स्मार्ट तकनीक का उपयोग॰ उरई को स्मार्ट सिटी के तौर पर विकसित करने के लिए डिजिटल तकनीक का उपयोग कर, बिजली, पानी, यातायात, और स्वास्थ्य सेवाओं को स्मार्ट बनाने की पहल करनी चाहिए।

ई-गवर्नेंस॰ लोगों की शिकायतों और आवश्यकताओं के निवारण हेतु एक ई-गवर्नेंस प्रणाली लागू की जा सकती है, जिससे प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रहे।

**7. पर्यटन और सांस्कृतिक विकास**

पर्यटन स्थलों का विकास॰ उरई के ऐतिहासिक स्थलों जैसे किले, मंदिरों और जलाशयों का संरक्षण और विकास कर पर्यटकों को आकर्षित किया जा सकता है।

वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम॰ स्थानीय कला, नृत्य, संगीत और हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के लिए हर साल सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं, जिससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

**8. बिजली और पानी की आपूर्ति में सुधार**

लगातार बिजली और पानी की आपूर्ति॰ बिजली कटौती को रोकने और पानी की नियमित आपूर्ति के लिए मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और पावर बैकअप की व्यवस्था करनी होगी। इसके अलावा, जल संरक्षण और पुनः उपयोग को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता कार्यक्रम भी जरूरी हैं।

**9.डिजिटल कनेक्टिविटी और संचार**

इंटरनेट और मोबाइल नेटवर्क॰ डिजिटल युग में इंटरनेट की सहज उपलब्धता महत्वपूर्ण है। उरई में उच्च गति वाले इंटरनेट की पहुंच का विस्तार किया जाना चाहिए ताकि छात्रों और पेशेवरों को लाभ मिल सके।

# श्री राम महायज्ञ एवं श्री राम कथा के आयोजन को लेकर प्रेस वार्ता शनिवार को

**ग्रामीण सुबह । कोंच**

झांसी जालौन और ललितपुर विधान परिषद क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी से निर्वाचित विधान परिषद की सदस्य रमा आरपी निरंजन ने एक जान कारी मे अवगत कराया है की ग्राम पंचायत रबा भेंड़ मे श्री राम महायज्ञ और श्री राम कथा के आयोजन को पूर्व एक प्रेस वार्ता दिनांक 9 नवम्बर दिन शनिवार को समय दोपहर एक बजे ग्राम रबा मे की जा रही है जिसमे महायज्ञ के सफल संचालन को लेकर विस्तृत जानकारी दी जावेगी बता दे की विधान परिषद सदस्य रमा आरपी निरंजन इस तरह के कई अच्छे धार्मिक कार्यक्रम अपने गृह गाँव मे कराते आ रहे है ऐसे आयोजन को लेकर आस पास के गाँवो के लोगो का भरपूर सहयोग मिलता है और साथ ही गाँव मे भी एक अच्छा संदेश जाता है।

# राम बारात बड़े धूम और गाजे बाजे के साथ निकली

**सुरक्षा व्यवस्था मे भारी पुलिस बल मौजूद रहा**

**जगह जगह पर हुआ राम बारात का स्वागत**



**ग्रामीण सुबह । कोंच**

बीते गुरुवार की रात्रि मे श्री बाल राम लीला समिति भुजरया प्रताप नगर के तत्वाधान मे बाल राम लीला रंग मंच पर राम बारात निकाली गई यह राम बारात यहाँ से प्रारम्भ होकर लवली तिराहा सर्राफा बाजार होकर बर्तन बाजार होती हुई चन्द्र कुआ चौराहा पहुंची और यहाँ से स्टेट बैंक होकर जय प्रकाश नगर होती हुई राम लीला रंग मंच पर पहुंची इस बारात मे डीजे बैंड बाजे आगे आगे चल रहे थे राम बारात मे श्री गणेश भगवान भोले नाथ शंकर जी माँ सरस्वती सहित कई देवी देवता साथ चल रहे थे साथ ही दशरथ नंदन राम की बारात मे अनुज लक्ष्मण भरत और शत्रुघन रथ पर सवार थे राम बारात मे बड़ी संख्या मे बाराती डांस करते हुये झूम रहे थे इस बारात का नगर के कई जगहो पर टीका कर आरती उतारी गई इस अवसर पर राजेश्वरी यादव सीताराम अग्रवाल अमीन साहब सुरेश अग्रवाल राम मोहन अग्रवाल राम लीला समिति के अध्यक्ष ब्रज भूषण खरे आर्चाय जी मंत्री माधव यादव सभासद विजय मिश्रा पिंटू शास्त्री संजय मिश्रा शास्त्री राम किशोर पुरोहित ललिया सुनील यादव संतोष बिलेया मनोज निरंजन मून्नु महेंद्र यादव लला राम दास लखेरे अम्बरीष रस्तोगी अरुण बाजपेयी लीस नंदराम स्वर्णकार मनोज सोनी दीपक सोनी पारसमणि अग्रवाल मयंक अग्रवाल सुनील यादव सभासद दंगल सिंह यादव सभासद गौरव तिवारी सभासद सीमा पप्पू चौधरी सभासद राहुल वर्मा अवध यादव अंचल बिलेया टोनी मिश्रा प्रशांत मिश्रा छोटू बहरे मारुति नंदन लखेरे अमित यादव लला बल्लु अग्रवाल दीपक मिश्रा अर्पित बाजपेयी मल्लू गुप्ता गिरधर सकेरे राम दास नायक आदि राम काज से जुड़े लोग मौजूद रहे इस बारात मे सुरक्षा व्यवस्था मे कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय अतिरिक्त इंस्पेक्टर लल्लूराम रावत एस एस आई अभिलाश मिश्रा दरोगा अनुराग राजन दरोगा ब्रज राज यादव दरोगा राम विलास यादव दरोगा अविनाश बर्मा दरोगा नितीश कुमार दरोगा वीपी तिवारी दरोगा विपिन दिवेदी दरोगा मनीष तिवारी दरोगा भीष्म पाल सिंह दरोगा राजेश यादव दरोगा सिपाही आलोक दुबे सिपाही धीरज यादव सहित कई पुलिस कर्मी मौजूद रहे।



# मौन साधना शोभायात्रा निकाल सत्संगियों ने दिया विश्व एकता का संदेश

## बड़ी माता मंदिर में आज सत्संग के बाद महायज्ञ आयोजन

**ग्रामीण सुबह । कदौरा**

बबीना में साधना सत्संगियों द्वारा मौन साधना शोभायात्रा निकाल ग्राम में विश्व एकता का संदेश देकर सभी साधना के प्रति प्रेरित किया जिसमें शंख बजाकर सभी को जागरूक किया गया। विकास खंड कदौरा क्षेत्र ग्राम पंचायत बबीना बडी माता मंदिर देव स्थान में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी मौन साधना का 29 महायज्ञ संपन्न होगा जिसमें शुक्रवार को सभी साधना सत्संगियों द्वारा ग्राम में रथ लेकर शंख ध्वनि करते हुए शोभायात्रा निकाली गई जिसमे मौन साधना सत्संगियों द्वारा ग्राम में लोगो को विश्व एकता का संदेश देते हुए साधना के प्रति प्रेरित किया गया साथ ही बताया कि नित दिन शाम 6:50 से 7:05 तक 15 मिनट मौन साधना कर निरंकारी प्रभु की भक्ति में खुद को लगाए। साथ ही संदेश दिया कि जीवन को सार्थक बनाने के लिए मनुष्य को अपने जीवन प्रमुख उद्देश्य को पहचानने की आवश्यकता है जिसमें व्यक्ति मौन साधना कर परब्रह्म ईश्वर की उपासना कर सकते है दिन में मात्र 15 मिनट का मौन रखकर ससमय साधना कर अपने कर्तव्यों कर्मों का मनन करना चाहिए। वही बताया कि दो दिवसीय महायज्ञ में प्रभात फेरी के बाद सत्संग व 9 नवंबर आज महायज्ञ बड़ी माता मंदिर में संपन्न होगा। प्रभात फेरी में संचालिका सत्यभामा वियोगी राधा सैनी के साथ कदौरा कानपुर इटौरा सहित अन्य क्षेत्र के साधना सत्संगी मौजूद रहे।



# कदौरा मंडी में व्यापारियों द्वारा किसानों के धान खरीद पर खुला लूट, मंडी अधिकारी मौन

**बासमती वैरायटी 17/18 व 11/21 का रेट भी कम और प्रति कुंतल में 2 से 3 किलो कटौती, मजबूर किसान**

**बयाई, नमी, पल्लेदारी से लेकर अन्य कई प्रकार की खुला कटौती**



**ग्रामीण सुबह । कदौरा**

मंडी समिति कदौरा में प्रायवेट व्यापारियों द्वारा खुलेआम किसानों की धान खरीद पर मनमाने तौर पर कटौती की जा रही है और भीड़ में जल्द बाजी के चक्कर में मजबूर किसान सब कुछ कटवा रहा है वही किसानों के साथ हो रही ठगी मंडी पदाधिकारियों को भी कोई मतलब नहीं है चाहे कोई मानक को छोड़कर कितनी भी कटौती कर ले। गौरतलब हो कि कदौरा क्षेत्र में वर्तमान समय किसानों की धान फसल खेत से सीधा मंडी भेजी जा रही है जिसके चलते मंडी समिति बबीना में किसानों की भीड़ बढ़ रही है और किसान अपना धान जल्द बेचने के चक्कर में घंटों य दिनों दिन नंबर का वेट कर रहा है वही बासमती वैरायटी का धान होने के वजह से कोई सरकारी कांटा नहीं है जिसकी खरीददारी के चलते दर्जन भर बाहरी व क्षेत्रीय व्यापारी अपना अपना कांटा लगाकर माल मनमानी से खरीददारी कर रहे है। व्यापारियों द्वारा अलग अलग प्रकार की कटौती किसान के माल में की जा रही है। कुछ व्यापारी प्रति कुंतल में 2 से तीन किलो की कटौती कर रहे पल्लेदारी 30 रुपए कुंतल अलग से ले रहे है किसान डायरेक्ट बेंच रहा है तो भी बयाई ली जा रही है धान यदि सूखा है तो भी उतनी ही कटौती की जा रही जिसे मजबूरन किसान चुप चाप सह रहा यदि किसान आना कानी करे तो धान लेने से व्यापारी मना कर देते है और रेट भी व्यापारी के मन के ही है भले बाहरी मंडियों में कोई भी रेट हो जिसमें 17/18 के 2700 से 3000 प्रति कुंतल कटौती अलग वही 11/21 3100 रुपए प्रति कुंतल प्लस कटौती के हिसाब से खरीद हो रही है। किसान संतोष गोयल भारत सिंह राजन सिंह मुल्ला यादव बनवारी लाला सोनी आदि ने बताया कि व्यापारी किसानों के साथ खुला लूट कर रहे है किसान की अटक की सौदा समझ कर जो मन में आ रहा है काट रहे है क्यों कि धान का किसान स्टॉक न कर सीधे मंडी में बेचता है क्षेत्रीय किसानों का माल इकठ्ठा हो जाने के कारण यह सब खेल किया जा रहा है। वही उक्त सम्बन्ध में मंडी प्रभारी रवि कुमार द्वारा कहा गया कि अगर व्यापारी मानक से ज्यादा कटौती कर रहे तो किसान सूचना दे संबंधित व्यापारी पर कार्यवाही की जाएगी।



**ग्रामीण सुबह** - स्वामी प्रकाशक मुद्रक श्रवण कुमार द्विवेदी द्वारा जनहित ऑफसेट प्रिंटर्स 46/5 कृष्णा इनक्लेव शिवपुरी रोड झांसी से मुद्रित एवं 2149 राजेंद्र नगर उरई जालौन से प्रकाशित (सभी विवाद उरई न्याय क्षेत्र के अधीन होंगे)

संपादक- श्रवण कुमार द्विवेदी (मो0- 7080516085)

# कोई भी गर्भवती महिला व बच्चा टीकाकरण से न छूटे : डीएम

**- जिलाधिकारी ने टीकाकरण, आंगनवाड़ी केंद्र व प्राथमिक स्कूल का किया निरीक्षण**

**- विद्यालय में बच्चों से पूछे सवाल, शिक्षा सुविधाओं का लिया फीडबैक**





ग्रामीण सुबह-

हमीरपुर। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कुरारा विकासखंड के कुतुबपुर गांव में टीकाकरण केंद्र, आंगनवाड़ी केंद्र व प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया।


शुक्रवार को जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान कुतुबपुर आंगनबाड़ी केंद्र में एएनएम द्वारा बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जा रहा था। जहां मौके पर पहुंचे जिलाधिकारी ने गर्भवती महिलाओं से नियमित रूप से जांच होने, जरूरी दवाई मिलने तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया तथा जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित को निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी बच्चा/गर्भवती महिला टीकाकरण से छूटने न पाए। इसके लिए घर-घर जाकर सर्वे कर लिया जाए। बताया कि पोलियो, टीबी, काली खांसी, गला घोटू, टिटनेस, निमोनिया, डायरिया खसरा, दिमागी बुखार आदि बीमारियों से बचाव के लिये टीकाकरण जरूरी है। इसके बाद जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों से मिलकर उनका हाल-चाल जाना तथा बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र में दी जा रही सुविधाओं के बारे में संबंधित से जरूरी पूछताछ की। वहीं जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय के बच्चों से मिलकर वहां दी जा रही शिक्षा सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया तथा मिड डे मील, शिक्षण व्यवस्था, छात्र व शिक्षक उपस्थिति आदि के बारे में जरूरी पूछताछ कर संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने बच्चों से सवाल पूछकर पठन पाठन की गुणवत्ता का फीडबैक भी लिया। निरीक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेंद्र प्रताप सिंह, खंड विकास अधिकारी कुरारा, एमओआईसी कुरारा तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# एसपी ने परेड के बाद किया पुलिस लाइन का निरीक्षण, देखी भोजन की गुणवत्ता



ग्रामीण सुबह-

**हमीरपुर** ~ शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक डा.दीक्षा शर्मा ने परेड के बाद पुलिस लाइन का निरीक्षण किया और विभिन्न कार्यालयों में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान एसपी ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।



इस दौरान पुलिस अधीक्षक के द्वारा साप्ताहिक शुक्रवार की परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया गया व अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल करवाया गया। शारीरिक व मानसिक रुप से स्वस्थ्य रहने के लिए पुलिस कर्मियों को दौड़ लगवाई गई। यूपी 112 पीआरवी चार पहिया वाहनों, दंगा नियंत्रण उपकरण व अभिलेखों का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। चिल्ड्रेन पार्क का निरीक्षण कर पार्क का शीघ्र निर्माण कराकर उसमें बच्चों के खेलकूद का उचित प्रबंध करने के निर्देश दिए गए।सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। निर्माणाधीन पुलिस अधीक्षक कार्यालय व व्यायाम शाला का निरीक्षण कर किए जा रहे कार्य को व्यवस्थित तरीके से कराने को कहा। पुलिस लाइन आदेश कक्ष में ओआर कर संबंधित अभिलेखों का निरीक्षण कर तथा विभिन्न विभागीय प्रकरणों का निस्तारण किया गया। रिजर्व पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण कर सफाई के लिए संबंधित को दिशा निर्देश दिए।


# चौकी इंचार्ज मुराई का बाग राजकिशोर की दरियादिल्ली के चलते वृद्ध पिता पहुंचा अपने घर



ग्रामीण सुबह-

रायबरेली, डलमऊ द्य उत्तर प्रदेश सरकार में पुलिस विभाग में ऐसे तो कई कीर्तिमान रचे जाते है , जिसके चलते पुलिस विभाग की सदा सराहना हुई द्य एक ऐसा ही दरियादिली ही भरा नजारा जनपद रायबरेली के मुराई बाग चौकी इंचार्ज राजकिशोर के द्वारा देखने को मिला सूत्रों की माने तो वृद्ध पिता काफी समय से रोड किनारे धूप में बैठे थे तभी चौकी इंचार्ज राजकिशोर की नजर उस वृद्ध पिता पर पड़ी जब चौकी इंचार्ज ने वृद्ध पिता से जानकारी लेने का प्रयास किया की आप इतनी धूप में यहां क्यों बैठे हैं तो वृद्ध पिता की आंखों में आंसू भर आए और बोला साहब घर जाना है पर पैसे नहीं है तभी सूत्रों की माने तो चौकी इंचार्ज ने एक रिक्शा बुलाया और पानी की बोतल खरीद कर वृद्ध पिता को दिया और रिक्शा वाले से कहा की पिता को उनके गांव दीनगंज छोड़ दो और कितने पैसे देने हैं बताओ मैं देता हूं चौकी इंचार्ज और उनके साथी सिपाही गजेंद्र पाल सिंह, ने जाने अनजाने एक ऐसा नेक कार्य कर दिया जिसकी वजह से आसपास उनकी दरिया दिली की चर्चा होने लगी और लोगों को कहना था कि यदि पुलिस विभाग में ऐसे ही रक्षक रहेंगे तो किसी को कोई परेशानी नहीं हो सकती

# जागरूकता गोष्ठी में बताए गए यातायात नियम, बच्चों को दिलाई गई पालन करने की शपथ



ग्रामीण सुबह-

हमीरपुर ~ यातायात माह नवंबर के चलते शुक्रवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया और स्कूलों में जागरूकता गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई और वाहन चलाते समय बरतने वाली सावधानियों के बारे में भी बताया गया। इसके साथ ही बच्चों को यातायात नियमों का पालन करने संबंधी शपथ भी दिलाई गई।

हमीरपुर के राजकीय बालिका इंटर कालेज में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें एसआइ कमलेश कुमार ने कालेज की छात्राओं को यातायात नियमों के पालन करने संबंधी शपथ दिलाई और यातायात नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्य सरस्वती धुरिया समेत समस्त स्टाफ भी मौजूद रहा। वहीं यातायात प्रभारी हरवेंद्र सिंह के नेतृत्व में विभिन्न स्थानों में चेकिंग अभियान चलाया गया और तेज रफ्तार और क्षमता से अधिक सवारी लेकर चलने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। यातायात प्रभारी ने बताया कि इस अभियान के तहत कुल 550 वाहनों का चालान किया गया। इस दौरान जो बाइक सवार बिना हेलमेट के फर्राटा भरते नजर आए और जो बिना सीटबेल्ट के वाहन चलाते पाए गए उन पर भी शिकंजा कसा गया।

# पातालेश्वर मंदिर के सुंदरीकरण का कार्य शुरू, सभासद प्रतिनिधि ने किया भूमिपूजन



ग्रामीण सुबह-

हमीरपुर। शुक्रवार को मुख्यालय के वार्ड नंबर 21 के सभासद प्रतिनिधि बउआ ठाकुर ने पातालेश्वर मंदिर में भूमिपूजन कर मंदिर के सुंदरीकरण का कार्य शुरू कराया।

सभासद प्रतिनिधि ने बताया कि गत एक वर्ष पहले उन्होंने पर्यटन मंत्री जयवीर को पातालेश्वर मंदिर के सुंदरीकरण कराने को लेकर पत्र लिखा था। जिसके बाद मंत्री के निर्देशन पर गत वर्ष तीन बार मंदिर की जमीन का सर्वे किया गया और अब मंदिर के सुंदरीकरण का कार्य शुरू हो गया है। बताया कि शुक्रवार को मंदिर के सुंदरीकरण का कार्य भूमि पूजन के बाद शुरू कराया गया है। बउआ ने कहा कि निश्चित रूप से पातालेश्वर मंदिर का सुंदरीकरण शिव भक्तों के लिए हर्ष का क्षण है। बताया कि यह मंदिर सनातन संस्कृति के प्रचार प्रसार में भी सहायक सिद्ध होगा व समाज को अध्यात्म एवं वर्तमान पीढ़ी को प्राचीन संस्कृति से जोड़ने के केंद्र के रूप में भी अपना योगदान देगा। उन्होने बताया कि यूपी प्रोजेक्ट कार्पोरेशन निर्माण इकाई बांदा की कार्यदायी संस्था द्वारा मंदिर के सुंदरीकरण का कार्य हो रहा है। सुंदरीकरण के तहत मंदिर परिसर में यात्री विश्राम घर, कूड़ेदान, वाटर कूलर, दर्शनार्थियों के बैठने के लिए बेंच, प्रकाश व्यवस्था हेतु 10 हेवी सोलर लाइट, मंदिर की व्यवस्था देखने के लिए एक बड़ा सा हाल व मंदिर का शाइन बोर्ड आदि के कार्य कराए जाएंगे।

इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार शुक्ला भी उपस्थित रहे।

# डीएपी के बाद गेहूं का बीज नदारत, किसान परेशान

## - डीएपी की तरह महंगे दामों में बाजार से खरीद रहे बीज




ग्रामीण सुबह-

हमीरपुर (सुमेरपुर)। डीएपी के साथ गेहूं बीज का संकट भी खड़ा हो गया है। राजकीय बीज भंडार में गेहूं के बीज का खत्म होने से किसान महंगे दामों में खुले बाजार से गेहूं का बीज खरीदने को मजबूर हो रहा है। डीएपी का घोर संकट अभी तक बना हुआ है। किसान मजबूर होकर बाजार से मांगे दामों में डीएपी खरीद रहा है। डीएपी के बाद अब गेहूं बीज का भी संकट खड़ा हो गया है। राजकीय बीज भंडार से गेहूं की सभी प्रजातियों का बीज गायब है। राजकीय बीज भंडार के प्रभारी विक्रम सिंह ने बताया कि इस वर्ष अभी तक 370 क्विंटल तथा 124 क्विंटल बीज दो बार में वितरण के लिए प्राप्त हुआ था। जिसका वितरण हो चुका है। डिमांड लगी हुई है दो दिन बाद आने की उम्मीद है। शुक्रवार को गेहूं का बीज लेने आए चन्दपुरवा बुजुर्ग के किसान मानसिंह यादव, महेश साहू बिलहड़ी के प्रीतम लाल, कृपाली आदि ने बताया कि नवंबर माह में गेहूं की बुआई होती है। पलेवा हो चुका है,खेत बनकर तैयार हैं। राजकीय बीज भंडार में गेहूं का बीज नहीं है। खुले बाजार में गेहूं के बीज की कीमत 5000 से 8500 रुपये तक है। जबकि बीज भंडार में गेहूं का बीज 4600 रुपये प्रति क्विंटल में 50 फ़ीसदी अनुदान पर मिल रहा है।

# उगते सूर्य को अर्ध्य देकर किया 36 घंटे के व्रत का पारण

**श्रद्धा एवं उत्साह के साथ हुआ पर्व का समापन**





ग्रामीण सुबह-

हमीरपुर (सुमेरपुर)। पिछले 36 घंटे से चल रहे छठ पर्व के व्रत का सुबह उगते हुए सूर्य देव को अर्ध्य देकर समापन किया गया। महिलाओं एवं व्रतियों ने गायत्री गंगा घाट में मंगल गीत गाते हुए व्रत का पारण करके सुख समृद्धि की कामना की।

कस्बे में छठ पर्व प्रतिवर्ष धूमधाम के साथ मनाया जाता है। यह पर्व कस्बे की गायत्री तपोभूमि प्रांगण के गायत्री गंगा घाट में मनाया जाता है। शुक्रवार को छठ पर्व के व्रतियों ने तड़के गायत्री गंगा घाट में एकत्र होकर उगते हुए सूर्य देव की आरती उतारकर पूजन अर्चन करके अर्ध्य देकर व्रत का पारण किया। इस मौके पर व्रतियों ने एक दूसरे को फल आदि प्रसाद देकर सुख समृद्धि की कामना की। नगर पंचायत ने गायत्री गंगा घाट में साफ सफाई, पेयजल, प्रकाश आदि के पुख्ता इंतजाम कराए थे। सुरक्षा के लिए क्षेत्र का पुलिस बल घाट पर मौजूद रहा। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे, नायब तहसीलदार रमेश चंद्र, कृष्णकांत सिंह, राजन चौबे, संतोष कुमार, पलटूराम, सुरेंद्र सिंह, नवल किशोर, दीपक सिंह आदि मौजूद रहे।

# परिवहन व खनिज विभाग ने चलाया चेकिंग अभियान, 15 वाहनों को किया सीज



ग्रामीण सुबह- हमीरपुर ~ परिवहन विभाग और खनिज विभाग की टीमों ने संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान चलाकर ओवरलोडिंग के खिलाफ शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। लगातार ओवरलोडिंग के खिलाफ हो रही कार्रवाई से वाहन चालकों में अफरा तफरी मची हुई है।

जिलाधिकारी घनश्याम मीना के निर्देश पर रातदिन ओवरलोडिंग वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। गुरुवार की रात से शुक्रवार की सुबह तक परिवहन विभाग के एआरटीओ प्रवर्तन अमिताभ राय और खनिज अधिकारी वशिष्ठ यादव समेत राठ एसडीएम अभिमन्यु कुमार व खनिज निरीक्षक पंकज कुमार की टीम ने जिले के अलग अलग स्थानों में अभियान चलाकर कुल 15 ओवरलोड ट्रकों को सीज करने की कार्रवाई की है। इसके साथ ही दस ट्रकों का चालान करते हुए करीब 11 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना भी जमा कराया है। एआरटीओ प्रवर्तन अमिताभ राय ने बताया कि उनके द्वारा पहले दिन में अभियान चलाया गया। इसके बाद रात में खनिज अधिकारी के साथ ओवरलोडिंग के खिलाफ शिकंजा कसा गया। इस दौरान चार वाहन कुछेछा चौकी, चार वाहन सहुरापुर, एक ललपुरा व एक वाहन चिकासी में सीज किया गया है। इसके साथ ही राठ एसडीएम व खान निरीक्षक के द्वारा राठ क्षेत्र में अभियान चलाकर पांच ओवरलोड ट्रकों को सीज करने की कार्रवाई की गई है। इस तरह से 24 घंटे के इस अभियान में 15 ओवरलोड ट्रकों को सीज किया गया तथा 10 वाहनों का चालान किया गया है।

# 16 नवंबर से शुरू होगा 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ, बैठक में तैयार की गई रूपरेखा

ग्रामीण सुबह-

हमीरपुर ~ आगामी 16 नवंबर से गायत्री मंदिर में शुरू होने वाले 24 कुंडीय महायज्ञ को लेकर मंदिर परिसर में कमेटी के लोगों की बैठक संपन्न हुई। जिसमें संबंधित लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपने अपने विचार रखे। बैठक में महायज्ञ की तैयारियों पर चर्चा करते हुए संयोजक उमेश शुक्ला ने बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक को संबोधित करते हुए संयोजक उमेश शुक्ला ने कहा कि आगामी 16 नवंबर को 11 बजे से मंगल कलश यात्रा, 17 नवंबर को प्रातः 6 से 7 बजे तक योग, प्राणायाम, सामूहिक मंत्र जप, 8 बजे से गायत्री महायज्ञ, संस्कार एवं अपरान्ह 2 से 5 बजे तक संगीतमय प्रवचन शांतिकुंज हरिद्वार से आए विद्वानों द्वारा संपन्न होंगे। आगामी 18 नवंबर को सायंकाल विराट दीप यज्ञ एवं 19 नवंबर को गायत्री महायज्ञ की। पूर्णाहूति संपन्न होगी। इस मौके पर विभिन्न कार्यों के प्रभारी नियुक्त किए। इस मौके पर यज्ञशाला प्रभारी कामिनी निगम एवं संस्कार प्रभारी बिट्टो सिंह भदौरिया, वित्त प्रभारी बलदेव प्रसाद, स्वागत प्रभारी अमित तिवारी, भगवती प्रसाद, कलश यात्रा प्रभारी गोपाल कृष्ण गुप्ता, भोजनालय प्रभारी रामकुमारी यादव, स्टोर प्रभारी परिव्राजक बद्री प्रसाद एवं चंद्रकला गुप्ता, गायत्री मंदिर प्रभारी बिट्टो बहन, मंच संचालन प्रभारी केके द्विवेदी, टोली व्यवस्था प्रभारी सिद्धार्थ शर्मा एवं शिवप्रसाद को बनाया गया है।

# डीपीआरओ ने 15 दिवस में सुरौली बुजुर्ग, तीन दिवस में पचखुरा बुजुर्ग के आरआरसी सेंटर शुरू करने के दिए निर्देश




ग्रामीण सुबह-

हमीरपुर (सुमेरपुर)। जिला पंचायत राज अधिकारी ने गुरुवार को ग्राम पंचायत सुरौली बुजुर्ग के एवं पचखुरा बुजुर्ग का औचक निरीक्षण करके पंचायत भवनों की व्यवस्थाओं के साथ ओडीएफ प्लस के तहत बनाए गए। आरआरसी सेंटरों का निरीक्षण किया। आरआरसी सेंटर बंद पाए जाने पर सुरौली बुजुर्ग में 15 दिवस तथा पचखुरा बुजुर्ग में तीन दिवस में संचालन के निर्देश दिए हैं।

गुरुवार को जिला पंचायत राज अधिकारी जितेंद्र कुमार मिश्रा ने ग्राम पंचायत सुरौली बुजुर्ग एंव पचखुरा बुजुर्ग का औचक निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत सुरौली बुजुर्ग के पंचायत भवन में जिला के आला अधिकारियों के नाम की पट्टिका न होने पर उन्होंने पंचायत सचिव को फटकार लगाते हुए। सभी उच्चाधिकारियों के नाम नंबर लिखवाने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत में ओडीएफ प्लस के तहत बनाए गए आरआरसी सेंटर बंद पाए जाने पर उन्होंने 15 दिवस में सेंटर शुरू कराने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत पचखुरा बुजुर्ग में पंचायत भवन की छत में दरार होने पर मरम्मत कराने के निर्देश दिए साथ ही आरआरसी सेंटर को तीन दिवस में शुरू कराने के लिए ग्राम प्रधान एवं सचिव को निर्देशित किया। उन्होंने पचखुरा बुजुर्ग की गौशाला भी जाकर देखी और ठंड से बचाव करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एडीओ पंचायत सुरेश कुमार, पंचायत सचिव सुरेंद्र कुमार पटेल, सुरौली बुजुर्ग एवं पचखुरा बुजुर्ग के प्रधान प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

# वर्षों से चैंबर साफ न होने से घरों में जा रहा बदबूदार पानी



ग्रामीण सुबह-

हमीरपुर (सुमेरपुर)। नलकूप एवं पाइपलाइन के मध्य बने चेंबर में कीचड़ जमा होने से बदबूदार पानी सप्लाई होने पर वार्ड के लोगों ने जल संस्थान के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए चेंबर की साफ सफाई कराने की मांग की है।कस्बे के पीडब्ल्यूडी स्टोर के समीप जलापूर्ति के लिए जल संस्थान का नलकूप लगा हुआ है। पीडब्ल्यूडी स्टोर गेट के सामने अलग-अलग पाइप लाइनों की सप्लाई के लिए चैंबर बना हुआ है। इस चेंबर में बरसात का गंदा पानी एवं बदबूदार कीचड़ जमा है। पानी की सप्लाई के साथ गंदा कीचड़ भी लोगों के घरों तक पहुंच रहा है। इससे तंग आकर कस्बे के निवासी मोती चौरसिया, श्री कृष्ण साहू, राजू चौड़ा, जगदीश सोनी, झंडू साहू, राजू यादव ने चेंबर की पटिया को हटवा दिया और जल संस्थान पर वर्षों से साफ सफाई न करने का आरोप लगाकर जमकर नारेबाजी की और चैंबर की साफ सफाई कराकर सप्लाई चालू करने की मांग की।जल संस्थान के अवर अभियंता विश्वलेन्द्र नाथ ने बताया कि जानकारी हुई है। शनिवार को वह मौके पर जाकर चैंबर की साफ सफाई करायेगें।

# लापरवाही के चलते सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं होती हैं- अपर एसपी वंदना सिंह






ग्रामीण सुबह-

महोबा द्य जनपद में यातायात नियमों के प्रति जनजागरुकता, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने हेतु चलाये जा रहे यातायात माह नवंबर को लेकर शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्र अन्तर्गत अवस्थित साई कालेज में यातायात जागरूकता को लेकर गोष्ठी का आयोजन प्रभारी यातायात सुनील कुमार सिंह व कालेज प्रिंसिपल डॉ0 ज्योति की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा यातायात नियमों के प्रति जागरुकता प्रदान किये जाने के उद्देश्य से छात्र-छात्राओं को सुरक्षित यात्रा करने के नियमों की जानकारी देते हुए बताया गया कि लापरवाही के चलते सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, इसलिए यातायात नियमों की अनदेखी न करें और नियमों का पालन करते हुए हेलमेट अवश्य लगाएं, गाड़ी के कागजातों को लेकर चलें ताकि अनावश्यक चालान के रूप में जुर्माना न भरना पड़े। चार-पहिया वाहनों से चलाने पर सीट बेल्ट का प्रयोग करें द्य नाबालिग कतई वाहन न चलाएं। बताया कि जिस प्रकार सभी लोग अपनी रोजमर्रा की जरूरतों पर ध्यान देते हैं वैसे ही हेलमेट भी लगाकर चलें। इसके अतिरिक्त स्कूली वाहनों में यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से पम्पलेट चस्पा किए गए। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा अध्ययनरत छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना कर उन्हें उच्च शिक्षा और अलग-अलग क्षेत्रों में नवीन कीर्तिमान रचने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान स्कूल स्टाफ और सभी स्कूली छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# महिला व बच्चों से जुड़ी शिकायतों पर अत्यंत गंभीरता बरतने के डीएम ने दिए निर्देश

**ग्रामीण सुबह-**
महोबा द्य जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था एवं अभियोजन की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।



बैठक में जिलाधिकारी नें जनपदीय पुलिस के राजपत्रित अधिकारियों, थाना, शाखा प्रभारियों के साथ अभियोजन अधिकारियों से अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी पैरवी के सम्बन्ध में विभिन्न निर्देशों की समीक्षा की तथा महिला व बच्चों से जुड़ी शिकायतों पर अत्यंत गंभीरता बरतने व अपहताओं की बरामदगी जल्द करने के लिए निर्देश दिये, इसके साथ ही जनपद में घटित घटनाओं एवं लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया तथा शातिर अभ्यस्त अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने, गुंडा एक्ट, गैंगस्टर एक्ट एवं गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के अंतर्गत संपत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही की समीक्षा की। उन्होंने जनशिकायतों की त्वरित व निष्पक्ष जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने, अवैध शराब एवं जुआ के विरूद्ध निरंतर अभियान चलाकर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करने, पीआरवी वाहनों की रैंडम चेकिंग कर उनकी सतर्कता का निरीक्षण करने आदि के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने आईजीआरएस से प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने एवं आईजीआरएस के आवेदकों से स्वयं वार्ता करके फीडबैक लेने के निर्देश दिये। बैठक में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश, उपजिलाधिकारी चरखारी प्रदीप कुमार, उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ अनुराग प्रसाद, क्षेत्राधिकारी सदर दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार, क्षेत्राधिकारी चरखारी, ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी सहित अभियोजन के अधिकारी तथा समस्त शाखाओं के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थिति रहे।

# समाजवादी व्यापार सभा की मासिक बैठक में कई बिंदुओं पर विस्तार से हुई चर्चा

**ग्रामीण सुबह-**
महोबा द्य समाजवादी व्यापार सभा की मासिक बैठक न्यू इण्डिया मार्केट मिल्कीपुरा में जिलाध्यक्ष समाजवादी व्यापार सभा संतोष साहू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमे मुख्य बिंदु ऑनलाइन व्यापार से चौपट होता खुदरा फुटकर व्यापार पर चिंतन, पटरी एवं फुटपाथ दुकानदारों के होते उत्पीड़न पर चर्चा शामिल है द्य जीएसटी ,श्रम विभाग व खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा व्यापारियों को अनावश्यक परेशान किये जाने पर सरकार की मंशा पर विचार कार्यक्रम में जिला कार्यालय से प्रतिनिधि बनकर आये ताहिर उददीन सिद्दीकी जिला कोषाध्यक्ष ने कहा कि समाजवादी व्यापार सभा हमेशा रेहड़ी ,पटरी व खुदरा दुकानदारों के समर्थन में कार्य किया है । जब भी भाजपा सरकार द्वारा इन दुकानदारों का उत्पीड़न किया तो समाजवादी पार्टी ने हमेशा सरकार का विरोध करने का काम किया ऑनलाइन व्यापार ने पूरा खुदरा व्यापार चौपट कर दिया ।समाजवादी व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष संतोष साहू ने कहा कि व्यापारी भाजपा सरकार के उत्पीड़न से कराह चुका है जीएसटी, श्रम विभाग व खाद्य सुरक्षा के नाम पर अनेको व्यापारियों को प्रताड़ित किया जाता है द्य व्यापारी सही होते हुए भी इनके प्रताड़ना का शिकार हो जाता है आज बाजारों में सन्नाटा छाया हुआ है द्य महंगाई चरम सीमा पर पहुँच चुकी है खाद्य पदार्थों के भाव आसमान छू रहे है द्य बैंकों के लोन महंगे हो रहे है और बिजली बिलों में बढ़ोतरी जारी है । व्यापारियों के साथ लूटपाठ व जघन्य अपराधों पर कोई लगाम नही लग रही है पूरे प्रदेश में व्यापारी बेहाल हो गया है द्य जनपद में भी सराफा व्यापारियों पर कई लूट की घटनाएं हो चुकी है फिर भी जिला प्रशासन व्यापारियों को शस्त्र लाइसेंस निर्गत नही करते है ।इसलिए समाजवादी पार्टी सड़क से लेकर संसद तक व्यापारियों की आवाज बुलंद करने का काम करती है जिसका नतीजा आपके सामने है कि लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की जनता ने हमे भरपूर समर्थन किया ओर लोकसभा सभा मे समाजवादी पार्टी के 37 सांसद दिए । इसी तरह व्यापारी एकजुट होकर 2027 विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी का साथ देंगे और उत्तर प्रदेश में समाजवादी सरकार बनाने का काम करेंगे । इस कार्यक्रम में जिला कार्यालय प्रतिनिधि ताहिर उददीन सिद्दीकी ,संतोष साहू जिलाध्यक्ष समाजवादी व्यापार सभा ,जलील पठान जिला सचिव ,लवकेश राजपूत जिलाध्यक्ष यूथ बिग्रेड ,धर्मेंद्र अतरौलिया जिला उपाध्यक्ष समाजवादी व्यापार सभा ,जागेश्वर पाल , अवधेश रैकवार एडवोकेट,रोहित पाल ,संदीप कुमार,रमेश अग्रवाल ,बाबूलाल कुशवाहा जिला सचिव व्यापार सभा आदि व्यापारी व समाजवादी लोग उपस्थित रहे ।



# प्रतियोगिताओं में प्रश्नोत्तरी के परीक्षा परिणाम में सफल बेटियों को समाज सेवी द्वारा किया गया सम्मानित

**ग्रामीण सुबह-**
महोबा द्य उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा संपूर्ण प्रदेश में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है द्य जिसके तहत जनपद क्षेत्र की पनवडी विकासखंड अंतर्गत बुंदेलखंड नवोदय महाविद्यालय शिक्षण संस्था में संस्था के प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया द्य जिसमें मुख्य वक्ता अतिथि के रूप में क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी संतोष गंगेले कर्मयोगी नौगांव बुंदेलखंड उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम का संपूर्ण संचालन पुष्पेंद्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया । सर्वप्रथम विद्यालय की विभिन्न वर्ग की छात्राओं का पुष्प माला पहनकर शिक्षक कुमारी रेनू राजपूत एवं प्रीति सक्सेना द्वारा बेटियों का सम्मान किया गया । विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं में प्रश्नोत्तरी के परीक्षा परिणाम में सफल बेटियों को समाज सेवी संतोष गंगेले कर्मयोगी द्वारा पद पूजन कर उन्हें साहित्य सामग्री देकर सम्मानित किया गया ।बुंदेलखंड नवोदय महाविद्यालय में पदस्थ शिक्षक मोहम्मद आफताब, डॉक्टर सुनील कुमार राजपूत सकीना हाशमी मनोज कुमार राजेंद्र कुमार, दीपक सभी शिक्षकों ने इस कार्यक्रम की सराहना की गई। मुख्य वक्ता संतोष गंगेले कर्मयोगी ने बताया है कि वह प्रतिदिन दो से चार शिक्षण संस्थानों में बच्चों से मिलते हैं द्य आज उन्होंने नौगांव से चलकर अजनर कुलपहाड़ फिर पनवाड़ी क्षेत्र के बुंदेलखंड नवोदय महाविद्यालय में विद्यार्थियों को नैतिक शिक्षा भारतीय संस्कृति संस्कारों सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा नशा मुक्ति बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सामाजिक समरसता राष्ट्र ग्राम देश भावना की जागृत करने के लिए विभिन्न प्रकार की नैतिक शिक्षाओं का सहारा लेकर समझाने का प्रयास किया ।



# सरीला काण्ड को लेकर ब्राह्मण समाज ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज रासुका की कार्यवाही की उठाई मांग



**ग्रामीण सुबह-** महोबा। उत्तर प्रदेश के जनपद हमीरपुर में विगत दिन पूर्व ब्राम्हण समाज के दो युवकों के साथ तत्कालीन सत्ता पक्ष के चेयरमैन व उनके गुर्गों द्वारा बंधक बनाकर अमानवीय ब्यवहार करने तथा निवस्त्र कर मारपीट करने के मामले में भाजपा जिलाध्यक्ष के पत्र पर पार्टी के प्रदेश नेतत्व ने पार्टी से निष्काषित करने कर बाद संबंधित जिला प्रशासन ने उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर भले ही जेल भेज दिया गया हो लेकिन अभी भी यह मामला तूल पकड़े हुए है।

पुलिस द्वारा गिरफ्तारी व न्यायालय में पेश होने के बाद भी शुक्रवार को फिर ब्राम्हण महा सभा के जनपद कार्यकारणी ने इकत्रित होकर इस कृत्य के विरोध में जोरदार प्रदर्शन कर प्रदेश के मुख्यमंत्री से संबोधित एक ज्ञापन जनपद मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी को सौपा है। सौपे ज्ञापन में कहा गया कि जिस तरीके से समाज के दो युवकों को बंधक बना कर निवस्त्र कर अमानवीय ब्यवहार कर मारपीट की गई है। उसके आरोप में पुलिस द्वारा आरोपित ब्यक्तियो के विरुद्ध ठोस कार्यवाही अमल नही लायी गयी। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा कि घटना के कृत्य में सम्मिलित आरोपित ब्यक्तियो के विरुद्ध कठोर से कठोर कार्यवाही की जाये, जिससे ऐसा कृत्य कोई दोबारा किसी के साथ भी न कर सके। कहा कि आरोपित के विरुद्ध रासुका की कार्यवाही की जाये तथा उसकी संपत्ति की जांच हो। पीड़ित परिवार की जानमाल की सुरक्षा की ब्यवस्था हो द्य पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलायी जाये। साथ ही पीड़ितों पर लगे फर्जी मुकदमे को खत्म किया जाय। इस दौरान ब्राम्हण समाज के दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# बिना रायल्टी (रमन्ना) एवं ओवरलोड ट्रक (डम्फर) कबरई क्षेत्र मे भर रहे फर्राता



**ग्रामीण सुबह-**
महोबा जनपद के कबरई थाना अंतर्गत चला रहे बिना रॉयल्टी (रमन्ना) ओवरलोड के ट्रको माफियाओं के द्वारा फर्राटे भर रहे हैं।

पता नहीं क्यो कबरई -सुराहा पुलिस प्रशासन इनके आगे क्यो नतमत्सक है। कबरई सुराहा रोड़ पत्रकार बंधु मौके की स्थिति जानने के लिए सुबह सुबह निकले तो तमाम ट्रक एवं डंम्फर ओवरलोड खनिज से लदे हुये मिले तभी ग्रामीणों की मदद से पता चला कि बिना रॉयल्टी एवं ओवरलोड करके ट्रक रोड में देर रात महोबा खनिज विभाग को चूना लगाने में लगे हुए हैं।आज सुराहा कबरई रोड पर सुबह लगभग 10 बजकर 25 पर क्क95 ज्ञ 3091 हैवी ट्रक वाहन ड्राईवर सच्चू ने बताया कि कबरई क्रेशर से माल बिना रॉयल्टी ग्योड़ी ले जा रहे हैं। कुछ देर बाद ट्रक ड्राइवर सच्चू मौके पर ट्रक छोड़कर फरार हो गया, खनिज विभाग अधिकारी ने ट्रक को सुराहा चौकी दीवान के साथ अपने कस्टडी में लेकर कानूनी कार्रवाई करते हुए उसको अपने साथ ले गये।



# प्रदेश स्तर पर चित्रकूट ने सोना तो महोबा ने अपने नाम किया रजत।

**ग्रामीण सुबह-**
चरखारी महोबा ।लालपुर, चांदमारी (वाराणसी) के डॉ0 भीमराव अंबेडकर क्रीड़ा संकुल मैदान पर दिनांक 4.11.2024 से 8.11.2024 तक चल रही प्रदेश स्तरीय विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जनपद चित्रकूट और महोबा ने भी अपनी चमक बिखेरी। एक तरफ जहां भालाफेंक में कृषक इंटर कॉलेज भौंरी, चित्रकूट से कक्षा 10 की छात्रा सपना देवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तो दूसरी तरफ जनपद महोबा के उच्च प्राथमिक विद्यालय छिकहरा के कक्षा 8 के छात्र अजय पुत्र कामता ने ऊंची कूद में द्वितीय स्थान प्राप्त कर प्रदेश स्तर पर जनपद का नाम रोशन किया। चित्रकूट जनपद के कोच विनोद कुमार व महोबा जनपद के कोच जयप्रकाश, विनीता ( साईं इंटर कॉलेज महोबा) व कमलेश कुमारी (राजकीय बालिका इंटर कॉलेज चरखारी) आदि ने बच्चो की सफलता पर अपार खुशी जताई, और शुभकामनाएं दीं, साथ ही बच्चो के अभिभावकों को खेल के प्रति जागरूक बनने के लिए बधाई दी।



# शराब और जुए को लेकर दंपति के बीच हुए विवाद में दोनों ने जहरीले पदार्थ खाकर दी जान

**ग्रामीण सुबह-**
महोबा द्य बुन्देलखण्ड के महोबा जिले में जुआ और शराब के कारण कई घर बर्बाद हो चुके है। बीते रोज शराब और जुए को लेकर पति-पत्नी के बीच हुए विवाद में दोनों ने जहरीले पदार्थ खाकर जान दे दी। दंपती की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस ने दोनों के शवों का पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम कराया है।

कुलपहाड़ कोतवाली क्षेत्र के कमालपुरा गांव निवासी राम अवतार का पुत्र रामलाल उम्र अपनी पत्नी घस्सी उम्र 34 के साथ अपनी ससुराल जनपद की सीमा से सटे मध्य प्रदेश के मिढका गांव में रह रहा था। बताया जा रहा है कि रामलाल शराब का आदी था। अपनी मेहनत मजदूरी की कमाई को शराब और जुए में उड़ा देता था द्य जिसको लेकर पति पत्नी में विवाद पनपने लगा था। परिजनों के अनुसार रामलाल रोज की तरह शराब के नशे में घर पहुंचा और पत्नी के साथ विवाद कर मारपीट करने लगा। विवाद ज्यादा बढ़ने पर देखते ही देखते पति-पत्नी दोनों ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। आनन-फानन में परिजनों ने दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर पति रामलाल को देखते ही मृत घोषित कर दिया। पत्नी की हालत नाजुक होने पर मेडिकल कॉलेज को रेफर किया। जहां पति की मौत के बाद पत्नी ने भी दम तोड़ दिया है। पति-पत्नी दोनों की मौत हो जाने से परिजन बदहवाश हैं। परिजनों के अनुसार रामलाल आए दिन शराब के नशे में जुए में रुपये हारने के बाद घर पहुंचकर पत्नी के साथ मारपीट करता रहता था। पति की जुए और शराब की बुरी आदतों से पत्नी आजिज आ चुकी थी।

# अपराध अंकुश लगाना है प्राथमिकता - आर एस वर्मा

**ग्रामीण सुबह-**
कबरई महोबा - नवागंतुक थाना प्रभारी आर एस वर्मा ने नगर के संभ्रांत व्यक्तियों के साथ बैठक कर पुलिस का सहयोग करने की अपील की है साथ ही उन्होंने कहा है कि अपराध पर अंकुश लगाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी उन्होंने सभी लोगों से अनुरोध किया कि जो भी सक्षम व्यक्ति हो वह सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगे सीसीटीवी कैमरे से कई प्रकार के फायदे हैं साथ ही थाना प्रभारी ने कहा की कस्बे में बेहतर शान्ति व्यवस्था बनाए रखने में हमेशा आगे रहेगी जो भी फरियादी शिकायत लेकर आएगा उसका तत्काल निस्तारण किया जाएगा अगर कस्बे में कहीं भी अवैध काम हो रहे है आप उसकी सूचना हम तक पहुंचा सकते है आपकी पहचान गुप्त रखी जाएगी इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष हुकुम सिंह, मत्स्य प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय सह संयोजक कालीचरण रैकवार,चेयरमैन प्रतिनिधि दीपक कुशवाहा,सभासद प्रेमशंकर कुशवाहा, हिम्मन शिवहरे, भवानीदीन,पहरा प्रधान प्रतिनिधि राकेश कुशवाहा,महेवा प्रधान जगदीश सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।।



# जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत शत प्रतिशत लाभार्थियों का भुगतान किया जाए- डीएम




**ग्रामीण सुबह-**
महोबा द्य जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी नें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के विभिन्न कार्यक्रमों के अतिरिक्त जननी सुरक्षा, परिवार नियोजन, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, नियमित टीकाकरण कार्यक्रम, हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर की समीक्षा की। समीक्षा में लक्ष्य के सापेक्ष कम प्रगति होने पर जिलाधिकारी द्वारा लक्ष्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी नें सभी सी. एच.ओ को निर्देशित करते हुए कहा कि टीवी मरीजों को समय पर इलाज मुहैया कराया जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मातृ बंदना योजना के अंतर्गत 100 प्रतिशत लाभार्थियों को लाभ दिया जाए तथा अर्बन में प्रगति खराब पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए लक्ष्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने सभी सी. एच. ओ. को निर्देशित करते हुए कहा कि शत-प्रतिशत फीडिंग की जाये तथा ज्यादा से ज्यादा आयुष्मान कार्ड बनाये जाएँ एवं नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में टीकाकरण से छूटे बच्चों की लिस्ट बनाकर उनका टीकाकरण किया जाये। उन्होंने कहा कि सभी क्षय रोगियों की नियमित जांच कर दवा उपलब्ध कराई जाये। जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत शत - प्रतिशत लाभार्थियों का भुगतान किया जाए।

जननी शिशु सुरक्षा योजना के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को निशुल्क भोजन व दवाइयां उपलब्ध कराई जाए तथा 0-1साल के बच्चों को नियमित टीकाकरण कराया जाए एक भी बच्चा टीकाकरण से छूटने न पाए। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि घर-घर जाकर चाइल्ड रजिस्ट्रेशन कराये जाए द्य कुष्ठ रोगियों को जल्द से जल्द आवास उपलब्ध कराये जाए। उन्होंने सभी सी.एच.ओ. को निर्देशित करते हुए कहा कि वार्ड की साफ सफाई, बेडशीट, शौचालय नियमित रूप से सफाई करवाई जाए तथा जननी सुरक्षा में 100 प्रतिशत भुगतान कराया जाये। गर्भवती महिलाओं को मिलने वाले भोजन को चेक किया जाए। एच.आई.वी. और हीमो ग्लोबिन की नियमित रूप से जांच की जाए। जिलाधिकारी नें बच्चों के टीकाकरण में खराब स्थिति पाई जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कैंप लगाकर बच्चों के टीकाकरण को बढ़ाया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हरेन्द्र कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशाराम, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बीके चौहान, जिला कार्यक्रम प्रबंधक ममता अहिरवार, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी शिवकुमार राय, डीएमसी यूनिसेफ सरफराज खान सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सिचाई विभाग के जेई को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई



**ग्रामीण सुबह-** पनवाड़ी महोबा -लघु सिचाई विभाग के जेई वासुदेव पटेल के सेवानिवृत्ति होने पर ब्लॉक कर्मचारियों ने सम्मान के साथ फूल मालाओ से विदाई दी।जेई ने सभी का आभार व्यक्त किया। शुक्रवार को ब्लॉक मे तैनात लघु सिचाई विभाग के जेई सेवानिवृत्त हुए। उनकी सेवानिवृत्त पर सभी ब्लॉक कर्मचारियों सहित ग्राम प्रधानो एवं समाज सेवियों ने विदाई दी।कर्मचारियों का स्नेह व सम्मान पाकर जेई भी भावुक हो गए उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया। प्रधान संजय दुवेदी ने इस दौरान राम जानकी की स्टैचू भेंट की। बीडीओ संतराम शाल ओड़ाई,अजय पाल प्रधान ने रामचरित मानिस, ब्लॉक प्रमुख प्रीति निधि श्रीप्रकाश अनुरागी ने स्मृति चिन्ह भेट कर माला पहनाई। इस अवसर पर सचिव निर्देश पटेल, अभिषेक चौरसिया ,धर्मवीर, रामआसरे, निज़ाम अली,सैफ अली, ग्राम प्रधान रामाधीन, सत्येंद्र, देवेंद्र राजपूत, देवेंद्र पटेल सहित आदि मौजूद रहें।

# मूंगफली का सही मूल ना मिलने से सदमे में किसान की हुई मौत



**महोबा कृषि मंडी में किसान की संदिग्ध मौत, परिजन बोले- कर्ज से था परेशान**

**ग्रामीण सुबह-**महोबा ब्यूरो संतोष कौशिक,,-
महोबा मंडी में अपनी उपज बेचने गए 35 वर्षीय किसान की उपज का सही मूल्य न मिलने के कारण सदमे से उसकी मौत हो गई. बीच बाजार किसान जमीन पर अचेत होकर गिर पड़ा और उसने दम तोड़ दिया. युवा किसान की मौत से परिवार में कोहराम मच गया. किसान की अचानक हुई मौत की खबर मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची है.

बता दें कि मृतक किसान हमीरपुर जिले के जरिया थाना के जमोड़ी ग्राम निवासी नारायण निषाद था. नारायण के पास करीब डेढ़ बीघा अपनी जमीन है और छह बीघा जमीन उसने बलकट पर लेकर खेती की थी. इस बार खेती में सिर्फ़ तीन क्विंटल मूंगफली की पैदावार हुई थी, जिससे वह पहले ही परेशान था. वहीं उसे उपज का सही रेट नहीं मिल पाया नतीजन सदमे से उसकी कृषि मंडी में ही मौत हो गई.

बताया जाता है कि वह महोबा मंडी में मूंगफली बेचने आया था, जहां सरकारी रेट 6783 रुपए प्रति क्विंटल होने के बावजूद भी मंडी में व्यापारी सिर्फ 42सौ रुपए प्रति क्विंटल ही रेट दे रहे थे. उसे अपनी उपज का सही दाम ही नहीं मिल पाया. किसान बिक्री के दाम को सुनकर सदमे में आ गया. बेचैनी की हालत में वह पानी पीने गया लेकिन तभी अचानक वहीं अचेत होकर गिर गया. साथी किसान और परिजन उसे तुरंत जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया

# जीएसटी में सुधार नहीं किया गया तो व्यापारी सरकार के खिलाफ भी जा सकते है




**नगर व्यापार मंडल के शपथ ग्रहण समारोह दौरान 10 वीं व 12 वीं के 12 प्रतिभावान छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित-**

**ग्रामीण सुबह-** चरखारी महोबा । नगर व्यापार मंडल के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल के महामंत्री दिलीप सेठ ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए उन्होने कहां कि प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल व्यापारियों की समस्याओं को लेकर संघर्षरत है ।अगर जी.एस.टी को बात करें तो यह बहुत जल्दबाजी में लागू किया गया । जिसको लेकर जी.एस.टी को सेन्ट्रल काउंसिल है उसको कम से कम एक हजार संशोधन करने पड़े है ।प्रदेश उद्योग व्यापार हमेशा केन्द्रीय वित्त मंत्री व प्रदेश वित्त मंत्री से व्यापारी हित को लेकर वार्ता करता रहता है । इस मौके पर बांदा के पूर्व सांसद व प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल के उपाध्यक्ष भैरो प्रसाद मिश्र ने कहां कि सरकार को ऑन लाइन बिक्री पर प्रतिबंध लगाना चाहिए तथा जी.एस.टी. में संशोधन करना चाहिए । प्रतिभावान छात्र छात्रा को सम्मानित करते हुए ।कहां कि प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल व्यापारी हित लड़ाई हमेशा लड़ता रहा और लड़ता रहेगा । व्यापारियों की समस्या को बेबाकी से रखने वाले व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष आनंद स्वरूप दमेले ने सभी व्यापारियों की बात रखी और कहा कि अगर जी.एस.टी में सुधार नहीं किया गया तो हम लोग एक दिन सरकार के खिलाफ भी जा सकते है और प्रदेश महामंत्री को व्यापारियो की समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन भी सौपा । इस मौके पर एम.एल.सी जीतेन्द्र सिंह सेंगर ने कहां कि भाजपा सरकार में व्यापारी सुरक्षित है ,और यह सरकार हितैषी है । जिलाध्यक्ष उद्योग व्यापार मण्डल भागीरथ नगायच ने सभी का आभार व्यक्त किया इस मौके पर उपजिलाधिकारी डा0प्रदीप कुमार, सी.ओ. रविकान्त गौड़ सहित सैकड़ो व्यापारी बंधु उपस्थित रहे ।

# एमएलसी जितेन्द्र सेंगर ने पीड़ित पत्रकारो के परिवार से मुलाकात की




**अमानवीय कृत्य की निंदा की-**

**ग्रामीण सुबह-**चरखारी महोबा । एमएलसी ने सरीला में पीड़ित पत्रकार के परिवार जनों से मुलाकात कर घटना के बारे में जानकारी प्राप्त की ।

बताते चले हमीरपुर जिले के सरीला में दो क्षेत्रीय पत्रकारों के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष व उनके गुर्गो के साथ मिलकर दबंगई की गयी थी । एमएलसी जितेन्द्र सेंगर ने कहां ऐसे अमानवीय कृत्य अक्षम्य निंदनीय है पीड़ित पक्ष को हर संभव मदद न्याय का भरोसा दिया । एमएलसी के साथ में पूर्व ब्लॉक प्रमुख करण सिंह राजपूत, अभिनव तिवारी, पुष्पेंद्र तिवारी, रविन्द्र सिंह चौहान, अनिल कुशवाह, श्री युवराज सिंह आदि लोग मौजुद रहा ।



# दो पक्षों के बीच जमीन के विवाद में हुई मारपीट



**ग्रामीण सुबह-**
ललितपुर थाना बार अंतर्गत ग्राम पारौन में जमीन को लेकर हुए विवाद में दबंगों द्वारा एक राय होकर पीड़ित व पीड़ित के परिवार के साथ 7 मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर उक्त दबंगों पर कार्यवाही किये जाने की मांग की है। गौरतलब है कि थाना बार अंतर्गत ग्राम परौना निवासी पीड़ित युवक ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि गांव में ही रहने वाले दबंगों ने जमीन पर कब्जा कर लिया है। उस भूमि पर खेती बाड़ी करने लगे है जिसका सिविल में मुकदमा भी चल रहा है जब प्रार्थी ने विरोध किया तो उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी दी और लात घूसों से मारपीट भी कर दी। जब प्रार्थी के परिवार वालो ने उसे रोकने की कोशिश की तो परिवार उनको भी लाठी से मारपीट कर दी। जिससे की उनके शरीर पर कई जगह चोटें भी आई जिसकी वजह से उन्होने चौकी पारौन व थाना बार में रिपोर्ट भी दर्ज की मगर कोई सुनवाई नहीं हुई तो उन्होंने जिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए कहा वह लोग आए दिन धमकी भी देते है तो उन पर कानूनी कार्यवाही की जाए।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वृद्धाश्रम में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन और निरीक्षण



**ग्रामीण सुबह-**
आलोक कुमार पाराशर, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ललितपुर के निर्देशानुसार श्री यशवन्त कुमार सरोज, अपर जिला जज/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दिनांक 08.11.2024 को पडिंत दीनदयाल उपाध्याय वृद्वाआश्रम, ललितपुर, में निरीक्षण एवं वद्धजनों को विधिक जागरूकता हेतु शिविर का आयोजन किया गया।

श्री यशवन्त कुमार सरोज अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपस्थित वृद्धजनों को अपने अधिकारों का संरक्षण कर सकें और समाज में सम्मानित जीवन जी सकें।वृद्धजनों के अधिकारों की रक्षा के लिए %वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों की रक्षा अधिनियम, 2007% (Maintenance and Welfare of Parents and Senior Citizens Act, 2007) लागू किया है। इस कानून के तहत, वृद्धजनों को देखभाल और सम्मान का अधिकार प्राप्त है। अगर किसी वृद्ध व्यक्ति को उनके बच्चों या रिश्तेदारों द्वारा उपेक्षित किया जाता है, तो वे न्यायालय से मदद प्राप्त कर सकते हैं।वृद्धजनों को अपनी संपत्ति पर पूर्ण अधिकार होता है। वे अपनी संपत्ति को अपनी इच्छा अनुसार दान, वसीयत या बिक्री के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अलावा, यदि किसी वृद्धजन को संपत्ति संबंधी कोई विवाद उत्पन्न हो, तो वे विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं यदि किसी वृद्ध व्यक्ति के पास विधिक प्रक्रिया का खर्च वहन करने की क्षमता नहीं है, तो वे मुफ्त विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं। प्रत्येक जिले में %राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण% (NALSA) द्वारा विधिक सहायता प्रदान की जाती है, जिससे कोई भी गरीब या असहाय व्यक्ति न्याय प्राप्त कर सकता है आदि विस्तृत रूप से अवगत कराया गया

श्री यशवन्त कुमार सरोज , अपर जिला जज/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण , ललितपुर के द्वारा पडिंत दीनदयाल उपाध्याय वृद्वाआश्रम, ललितपुर की विजिट में वृद्ध पुरूष/महिला कक्षों, भोजन-शाला का निरीक्षण किया। प्रातः कालीन भोजन बना हुआ, भोजन प्रदर्शित सूची के अनुसार ही दिया जा रहा था। भोजन की गुणवत्ता उत्तम पायी गयी 7

पडिंत दीनदयाल उपाध्याय वृद्वाआश्रम, ललितपुर की विजिट के दौरान श्री दामोदर शर्मा केयरटेकर, श्री स्नेहलता निगम सेवादार, स्टाफ एवं न्यायालय की ओर से रोहित राठौर , श्री अरविन्द उपस्थित रहे।

# पीडीए अभियान को गांव गांव तक पहुंचाने का लिया संकल्प



**समाजवादी युवजन सभा की मासिक बैठक में आधा दर्जन लोगों ने थामा सपा का दामन**

**ग्रामीण सुबह-**
ललितपुर। समाजवादी युवजन सभा मासिक बैठक का आयोजन सपा जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुई। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता अरशद मंसूरी ने की। बैठक में पीडीए अभियान को गांव गांव तक पहुंचाने का संकल्प लिया। साथ ही अपने अपने क्षेत्र के बूथ को मजबूत करने पर जोर दिया गया।

इस दौरान जिलाध्यक्ष अरशद मंसूरी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा चलाए जा रहे पीडीए अभियान से लोगों का जुड़ाव लगातार बढ़ता जा रहा है। पीडीए की विचारधारा से प्रभावित होकर हर वर्ग के लोग सपा का दामन थाम रहे हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता गांव गांव पहुंचकर सपा की नीतियों को जन जन तक पहुंचाए और अधिक से अधिक लोगों जोड़ें। इस मौके पर करीब आधा दर्जन से अधिक लोगों ने सपा मुखिया अखिलेश यादव की विचारधारा से प्रभावित होकर सपा जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव के समक्ष सपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान जिला महासचिव पुष्पेन्द्र सिंह, छात्रसभा जिलाध्यक्ष गौरव विश्वकर्मा, प्रमोद इमलिया, राजीव यादव दौलता, नरेन्द्र सिंह यादव, रविकांत, राजकुमार कुशवाहा, संजू राजा यादव बसवां, चंद्रपाल यादव, आशीव यादव, अनिकेत यादव, सहरोज खान, अनश खान, रवि खटीक, अमन मंसूरी, नौशाद अली, बृजेन्द्र यादव, चंद्रपाल यादव जिजयावन, प्रदीप कुमार, बालमुकुंद अहिरवार, भागवेन्द्र यादव, ऋषि यादव, राजवीर यादव, सुशील रैकवार, विक्रम सिंह, यशपाल यादव, अभिषेक यादव, अभि जैन, दीपक सेन, अनश अहमद आदि मौजूद रहे।


# विद्युत विभाग के कर्मचारियों पर घर में घुसकर अभद्रता, अवैध वसूली और धमकी का आरोप



**ग्रामीण सुबह-**
ललितपुर।मुहल्ला थाना कोतवाली ललितपुर की निवासिनी पीड़िता ने शिकायती पत्र के माध्यम से बताया है कि दिनाक 05.11.2024 को समय करीब 10 बजे सुबह विद्युत विभाग के कर्मचारी बतलाते हुये प्रार्थिनी के घर के अदर घुस आये और कहने लगे कि तुम्हारा बिल बाकी है हम लोग लाइट काटने आये है तब प्रार्थिनी ने घर के अंदर से बाहर जाने को कहा कि मीटर बाहर लगा है तो उक्त दोनों लोग प्रार्थिनी से अश्लील बातें करने लगे और कहने लगे कि हम तुम्हारा मीटर काटने से रोक देंगे अगर तुम चाहो तो तब प्रार्थिनी ने कहा कि अभी मैं स्नान कर रही हूं और कपडा पहनकर बाहर आ रहीं हूं तब प्रार्थिनी ने उक्त लोगों की हरकतों का विरोध किया तो उक्त लोग आगबबूला हो गये और कहने लगे कि हमारी बात नहीं मानी तो हम लोग मुकदमा लिख देंगे नहीं तो 5हजार रूपया दो प्रार्थिनी ने उक्त लोगों की चातों में आकर उहजार रूपया नगद दे दिया और कहा कि अब तो बाहर निकल जाओ उक्त लोग कहने लगे कि 2हजार रूपया और दो तभी कार्यवाही से बच पाजोगी तब प्रार्थिनी ने अपने उक्त उहजार रूपया वापिस मांगे और चिल्लाई तो मुहल्ले के काफी लोग आ गये जिनमें प्रार्थिनी की पडोसन सुमित्रा पत्नी हरीराम, राधा पत्नी राजकुमार, ममता पत्नी बालमुकुन्द व श्रीमति जानकी पत्नी बृजलाल व अन्य लोग आ गये इसी दौरान मुहल्ले के पार्षद व अन्य सभ्रात नागरिक भी आ गये जिन्होंने उक्त विद्युत कर्मचारियों को समझाया और कहा कि आप लोगों ने अवैध धन वसूली क्यों की है और इस महिला को अकेली पाकर छेडखानी क्यों की है तो इसी बात पर उपरोक्त कर्मचारी व उनके साथी आगबबूला हो गये और पूरे मुहल्ले की लाइट काटने की धमकी देने लगे तब मुहल्ले के पार्षद व सभ्रांत नागरिकों ने हम लोगों की व उक्त मुल्जिमानों की वीडियो भी बनायी जिससे उक्त लोग अपनी बात दोहराते हुये झूठे मुकदमा की धमकी देकर भाग गये उक्त घटना के संबंध की सूचना प्रार्थिनी ने अपने मुहल्लावासियों को ले जाकर जरिये प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी, व थाना कोतवाली ललितपुर में उपस्थित होकर दी परंतु कोई कार्यवाही अभी तक नहीं हुयी जिस कारण प्रार्थिनी श्रीमान जी के समक्ष पुनः इस प्रार्थना पत्र के माध्यम से सूचना प्रस्तुत कर रही है जिस पर शीघ्र कानूनी कार्यवाही किया जाना आवश्यक है। अन्यथा की स्थिति में प्रार्थिनी के साथ हुये कृत्य व 3000 /- रूपया उक्त विद्युत कर्मचारियों द्वारा अवैध रूप से हडप करने से क्षुब्ध होकर आत्महत्या करने को विवश होगी जिसकी समस्त जिम्मेवारी जिला प्रशासन की होगी

पीड़िता ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज का कार्यवाही की मांग की।

# पेशगार पर बयान लिखने के नाम पर अवैध रुपयों की मांग करने का आरोप पीड़ित ने डीएम को भेजा शिकायती पत्र



**ग्रामीण सुबह-** ललितपुर। थाना बानपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम कचनौंदाकलां निवासी कूरेलाल पुत्र खुमान ने जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र भेजते हुये परगना मजिस्ट्रेट के पेशगार पर बयान लिखने के नाम पर अवैध रुपयों की मांग करने और जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज शिकायत की जांच अधिकारी द्वारा फर्जी निस्तारण कर किसी अन्य मामले की निस्तारण आख्या गलत तरीके से अपलोड कर देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने बताया कि उसने वाद संख्या 3697/2021 कूरे बनाम रमेश आदि अन्तर्गत धारा 145/146 जा.फौ. के तहत 14 दिसम्बर 2020 को परगना मजिस्ट्रेट के न्यायालय में दायर किया था, जो कि विचाराधीन है। बताया कि न्यायालय द्वारा उक्त वाद में 30 नवम्बर 2023 को वादग्रस्त आराजी पर विपक्षी से कब्जा हटाने के लिए बानपुर पुलिस को आदेशित किया था। बताया कि उक्त आदेश के विरूद्ध विपक्षी द्वारा निगरानी जिला एवं सत्र न्यायाधीश में निगरानी संख्या 9 /2024 दायर की थी। जिसमें 6 फरवरी 2024 को जिला जज द्वारा निगरानी निर्णीत कर आदेश पारित किया था कि वादग्रस्त आराजी पर दो माह पूर्व से किसका कब्जा था, पत्रावली परगना मजिस्ट्रेट को प्रेषित कर दी थी। जिला जज के आदेश पर उसके द्वारा 29 जुलाई 2024 को वादग्रस्त आराजी पर कब्जा होने के सम्बन्ध में स्वयं व गवाहन के शपथ पत्र प्रस्तुत कर दिये थे। आरोप है कि उसी समय पेशगार द्वारा गवाहन के बयान नहीं लिखे जा रहे हैं और अवैध रुपयों की मांग की जा रही है। मांग पूरी न होने पर जानबूझकर मामले को लम्बित रखा जा रहा है। अब विपक्षी उससे राजीनामा के लिए दबाव बना रहे हैं। बताया कि 18 अक्टूबर को परगना मजिस्ट्रेट के यहां वाद की तारीख नियत थी, जिस पर वह उपस्थित हुआ, किन्तु पेशगार द्वारा जानबूझकर बयान नहीं लिखे और कहा कि 10 हजार रुपये न देने पर बयान नहीं लिखेंगे। उन्होंने मामले की शिकायत जनसुनवाई पोर्टल पर की, किन्तु जांच अधिकारी द्वारा फर्जी निस्तारण कर किसी अन्य शिकायत की आख्या अपलोड कर दी। उन्होंने जिलाधिकारी से उक्त प्रकरण की जांच करायी जाकर बयान उक्त प्रकरण में लिखवाये जाने की मांग उठायी है।

# गौ ध्वज स्थापना के लिए 36 प्रदेशों के प्रभारी होंगे रवाना




**ग्रामीण सुबह-**
वाराणसी-कल शंकराचार्य घाट स्थित श्रीविद्यामठ में मध्याह्न 12 बजे से 2 बजे तक परमाराध्य परमधर्माधीश ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्री॰ अविमुक्तेश्वरनन्द॰ सरस्वती 1008 जी महाराज के पावन सानिध्य में गौप्रतिष्ठा सभा का आयोजन किया जाएगा।जिसमें सभी प्रदेशों के गौप्रतिनिधि,सन्त व भक्त उपस्थित रहेंगे।गौप्रतिष्ठा सभा के पश्चात परमधर्माधीश शंकराचार्य जी महाराज गौध्वज दिखाकर सभी प्रदेशों के लिए गौप्रतिनिधियों को रवाना करेंगे।

उक्त जानकारी देते हुए परमधर्माधीश शंकराचार्य जी महाराज के मीडिया प्रभारी संजय पाण्डेय ने बताया कि सभी गौप्रतिनिधि अपने अपने प्रदेश में गोप्रतिष्ठा सभा कर गोप्रतिष्ठाध्वज लगाएंगे।और गौमाता को राज्यमाता घोषित कराने हेतु माहौल बनाएंगे।साथ ही जन जन को पूज्यपाद शंकराचार्य जी महाराज के गौमाता राष्ट्रमाता प्रतिष्ठा आंदोलन से जोड़ेंगे।

# प्रकृति की रक्षा ही सच्ची आराधना है : आचार्य हेमंत कृष्ण

## डोंडाघाट के श्रीजी कुंज कॉम्पलेक्स में श्रीमद् भागवत कथा जारी




**ग्रामीण सुबह-** ललितपुर। प्रकृति ईश्वर का वरदान है। प्रकृति की रक्षा ही ईश्वर की सच्ची आराधना है। श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों से गोवर्धन पर्वत की पूजा करके संपूर्ण संसार को प्रकृति की पूजा का ही संदेश दिया। उक्त उदगार डोंडाघाट स्थित श्रीजी कुंज कॉम्पलेक्स में आयोजित हो रही श्रीमद्भागवत कथा के अंतर्गत बरसाना धाम से आए प्रसिद्ध कथा व्यास आचार्य हेमंत कृष्णजी महाराजजी ने प्रकट किए। आचार्यश्री ने बताया कि व्यक्ति को सदैव उदार रहना चाहिए, उदार हृदय प्रभु को बहुत पसंद आता है। पीड़ित मानवता की सेवा, सबके प्रति दया का भाव, हमें मानव बनाता है। कथा में भक्तों को समझाते हुए महाराज जी बोले कि अपनी भावनाओं को हमेशा पवित्र रखना चाहिए। हमेशा पवित्र वातावरण अपने आस पास रखना चाहिए, पूजा प्रार्थना,सत्संग कथा श्रवण इत्यादि से भावनाओं को पवित्र रखने में सहायता मिलती है। पूतना की भावनाएं ठीक नहीं थी इसलिए श्रीकृष्ण ने उसका वध कर दिया। प्रभु श्रीकृष्ण व्यक्तित्व की प्रभुता की चर्चा करते हुए महाराज जी बोले कि श्रीकृष्ण संसार के सबसे बड़े वैरागी हैं। वो कुशल संगीतज्ञ है, कुशल वक्ता है एवं नीतिवादी और न्यायवादी है। श्रीकृष्ण प्रेम के वश में रहकर गोपियों के साथ नाच भी सकते हैं तो अपने स्वाभिमान एवं समाज की रक्षा के शिशुपाल जैसे दुष्ट का वध भी कर सकते हैं। सभी भक्तों श्रीगिर्राज महाराज का पूजन कर छप्पन भोग का प्रसाद प्राप्त किया। कथा की आरती में मुख्य यजमान राकेश तामिया, श्री अमन तामिया जी एवं उनका संपूर्ण परिवार एवं नगर के सभी गणमान्य महानुभाव उपस्थित रहे। कथा की आरती में मुख्य यजमान राकेश तामिया, अमन तामिया के अलावा श्रीमती गीता प्रभुदयाल तामियां, श्रीमती प्रिया अजय तामियां, श्रीमती निशी नीलांश तामियां, श्रीमती रितु विराज तामियां के अलावा रामस्वरूप तामियां, सीताराम तामियां, जगदीश तामियां, एड. राजेन्द्र तामियां, महेश तामियां, विनोद तामियां, मनीष तामियां रहे। जबकि व्यवस्थ में सहयोगी के रूप में श्री रामलीला हनुमान जयन्ती महोत्सव समिति और श्री भारत सेवा मण्डल व्यायामशाला शामिल रहीं। इस कथा को सफल बनाने के लिए मनोरथी श्रीमती कविता राकेश तामियां ने लोगों से आह्वान किया है कि इस भव्य और दिव्य आयोजन में भागीदारी कर इसे सफल बनायें। इस दौरान पं.बृजेश चतुर्वेदी, श्यामकान्त चौबे, अजय प्रताप सिंह तोमर, डा.प्रबल सक्सेना, हरविंदर सलूजा, प्रभुदयाल तामिया, शिवकुमार शर्मा, अमित तिवारी, राजेश दुबे, अजय तामियां, छक्कीलाल साहू, अवधेश कौशिक, राजेंद्र ताम्रकार, चंद्रशेखर राठौर, धर्मेंद्र चौबे, विराज तामिया, मुन्नालाल त्यागी, राजेन्द्र बाजपेयी, रविन्द्र पाठक, चन्द्रशेखर राठौर, अमित तिवारी, मगन सोनी, आशीष तिवारी, सुबोध गोस्वामी, रमेश श्रीवास्तव पार्षद, रामखिलावन यादव, सुदीप यादव, रानू साहू, प्रशान्त नामदेव, संतोष सोनी, ध्रुव सोनी, कैलाश साहू, विनोद साहू, मुकेश विश्वकर्मा, आकाश यादव एड., राघवेन्द्र राजपूत, सोनम सोनी, आरती, शैलेन्द्र, अंकित, कैलाश नारायण डयोढिया, राघवेन्द्र राजा, महेश साहू, विनोद साहू, गौरी साहू, फूलचंद्र विश्वकर्मा, जगदीश सोनी, नीरज साहू, हरगोविन्द साहू, वृन्दावन यादव, दीपक यादव, कैलाश साहू, संतोष सोनी, प्रशान्त नामदेव, शोभा सोनी, मोनू सोनी, महेन्द्र यादव, वीरेन्द्र यादव, अभिषेक निरंजन इत्यादि के अलावा सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। उक्त श्रीमद् भागवत कथा का सीधा प्रसारण आचार्य हेमन्त कृष्ण ऑफीशियल के यू-ट्यूब चैनल पर किया जा रहा है।

# आर्यिका गणिनी सृष्टिभूषण माता का पावागिरि की पावन धरा पर ससंघ भव्य शुभागमन।

## सिद्धचक्र महामंडल विधान के शुभारम्भ पर निकली मंगल घटयात्रा।









**ग्रामीण सुबह-**
ललितपुर। बुंदेलखंड के प्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र पावागिरि में टीकमगढ़ में चातुर्मास पूर्ण कर परमपूज्य आर्यिका गणिनी सृष्टिभूषण माता का ससंघ शुभागमन हुआ। विकासखंड तालबेहट अंतर्गत ग्राम गुन्देरा में रात्रि विश्राम के उपरांत शुक्रवार को आचार्य सुमति सागर महाराज की परम प्रभावक शिष्या आर्यिका गणिनी सृष्टिभूषण माता, विश्वयश मति माता एवं आप्तमति माता के पावागिरि आगमन पर जैन धर्मावलंबियों ने ढ़ोल नगाड़ों के साथ जयकारे एवं सत्य अहिंसा के नारे लगाते हुए भव्य आगुवानी की एवं पाद पृच्छालन किया। पावागिरि क्षेत्र वंदना के उपरांत अतिशय युक्त चमत्कारी बाबा मूलनायक पारसनाथ स्वामी के अभिषेक शांतिधारा कार्यक्रम में आर्यिका गणिनी सृष्टिभूषण माता ने मंत्रोच्चार किया एवं धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए इंसानियत और मानवता को अंगीकार कर धर्म के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। प्रतिष्ठाचार्य बा.ब्र. अभिषेक भैया पवई एवं बा.ब्र. प्रिंस जैन टीकमगढ़ के निर्देशन में मंगल घटयात्रा के साथ सिद्धचक्र महामंडल विधान का शुभारम्भ किया जिसमें मांगलाष्टक, देव आज्ञा, गुरु आज्ञा, आचार्य निमंत्रण, जाप्यानुष्ठान, इंद्र प्रतिष्ठा, सकलीकारण, ध्वजारोहण, दीप प्रज्वलन की क्रियाएँ विधि विधान से संपन्न की गयी। मंजीत एन्ड पार्टी भोपाल के मधुर संगीत में भक्ति भाव के साथ सिद्धों की आराधना कर 8 अर्घ समर्पित किये। रात्रि में मंगल आरती एवं शास्त्र प्रवचन का आयोजन किया गया। मंदिर समिति के उपाध्यक्ष विशाल जैन पवा ने बताया की सिद्ध क्षेत्र पावागिरि में 8 से 15 नवंबर तक सिद्ध चक्र महामंडल विधान के उपरांत 17 से 20 नवम्बर तक वार्षिक मेला के माध्यम से स्वर्णभद्रादि मुनिराजों का निर्वाण महोत्सव मनाया जायेगा। कार्यक्रम में क्षेत्र प्रबंध कार्यकारिणी समिति एवं सकल दिगम्बर जैन समाज का सक्रिय सहयोग रहा। संचालन क्षेत्र अध्यक्ष ज्ञानचंद्र जैन पुरा एवं आभार व्यक्त अजित जैन विरधा ने किया।

# एसपी ने साप्ताहिक परेड का निरीक्षक कर दिये निर्देश



**ग्रामीण सुबह**-ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने शुक्रवार को साप्ताहिक की परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। मौके पर एसपी ने पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर गार्द, स्टोर, आर्मरी आदि का निरीक्षण कर शस्त्रों की साफ-सफाई व उचित व्यवस्थापन तथा संबंधित अभिलेखों को अपडेटेड रखने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। साथ ही डायल 112 के वाहनों को चेक करते हुये कार्यरत कर्मियों को निर्देशित किया गया कि इवेन्ट की सूचना पर शीघ्र -अतिशीघ्र पहुंचकर पीड़ित को हरसंभव मदद करें तथा पीड़ित के साथ शिष्टतापूर्वक व्यवहार करना सुनिश्चित करें। परेड में शामिल पुलिस कर्मियों से उनकी समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित को अविलम्ब निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। डायल 112, परिवहन शाखा, स्टोर, पुलिस मेस, पुलिस स्नानागार, बारबर शॉप, बैरकों, पुलिस कैटींन एवं पुलिस लाइन की विभिन्न मदों को चेक कर उचित साफ- सफाई हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा- निर्देश दिये गये। आदेश कक्ष में अर्दली रुम के दौरान प्रशिक्षु कर्मियों के प्रशिक्षण रजिस्टर, रिजर्व पुलिस लाइन्स की विभिन्न मदों के रजिस्टरों का अवलोकन किया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन्स रक्षपाल सिंह, पुलिस उपाधीक्षक (प्रशिक्षु) सुनील भारद्वाज, प्रतिसार निरीक्षक के अलावा अनेकों पुलिस कर्मी मौजूद रहे।फ

# मतदाता बनकर लोकतंत्र को करें मजबूत : प्रो.शास्त्री



**ग्रामीण सुबह-** ललितपुर। नेहरू महाविद्यालय में विधानसभा मतदाता पुनरीक्षण सूची एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं में जागरूकता अभियान चलाया गया। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश शास्त्री ने कहा कि जो भी छात्र एवं छात्राएं 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष के हो रहे हैं, वह मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म 6 को भरकर जमा कर दें। उन्होंने कहा कि मतदाता लोकतंत्र का आधार स्तंभ है, सभी को मतदाता बनकर मतदान अवश्य करना चाहिए। महाविद्यालय के स्वीप नोडल अधिकारी डा.सुधाकर उपाध्याय ने कहा कि मतदाता बनकर छात्र-छात्राएं अपने महत्वपूर्ण अधिकारों का प्रयोग कर सकते हैं सभी को मतदाता बनकर लोकतंत्र को मजबूत बनाना है। महाविद्यालय में शीघ्र ही मतदाता क्लब का गठन किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग के सहायक आचार्य जितेंद्र कुमार ने किया एवं समाजशास्त्र विभाग की सहायक आचार्य अनीता ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विवेक पाराशर, ध्रुव किलेदार, फहीम बख्श, अंकित चौबे, जयंत चौबे, श्रीपत सिंह, भरत सिंह, अनिल कुमार आदि उपस्थित रहे।

## जनपद मिर्जापुर समाचार

# निर्धन-असहाय बच्चों की मदद के लिए फिर आगे आए डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल के बच्चे




**त्रिलोकी नाथ पाण्डेय व्यूरोचीफ ग्रामीण सुबह,मिर्जापुर।** हर घर दिवाली हर घर खुशियों का उद्देश्य को लेकर मिर्जापुर मे डैफोडिल्स विद्यालय व शेयर एंड केयर संस्था के द्वारा एक बार फिर नारघाट ब्रांच व लोहिया तालाब ब्रांच में करीब 200 बच्चों व 100 माताओं व बहनों को उपहार स्वरूप कई प्रकार के सामान बच्चो द्वारा वितरित किए गए। स्कूल के बच्चों ने बढ़-चढ़कर इन बच्चों के लिए खिलौने, कपड़े, बिस्किट चिप्स, साड़ियां, सूट, चादर, जूते जैसी जरूरत के सामानो का खुशी-खुशी सहयोग दिया। अपने मनपसंद सामान को पाकर बच्चों के चेहरे की खुशियां देखते ही बन रही थी।

इस अवसर पर विद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती अपराजिता सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में अपनी चीजों को बांटने का मौका मिला, जिसमें उनमें भी वंचित वर्गों के लिए सहयोग, प्रेम व मदद की भावना का विकास हो सका। विद्यालय की प्रधानाचार्या उप प्रधानाचार्या, एकेडमिक हेड, शिक्षक शिक्षिकाओं व छात्रों के अथक प्रयास व सहयोग से यह चैरिटी ड्राइव आयोजित किया गया था। विद्यालय के हेड बॉय, हेड गर्ल, कैप्टन, काउंसिल मेंबर्स ने अपने हाथों से उपहार वितरित कर खुशी का वास्तविक अनुभव किया। श्रीमती अपराजिता सिंह जी ने बताया कि इस तरह की चैरिटी ड्राइव का उद्देश्य कुछ कम भाग्यशाली लोगों की सहायता कर उनके चेहरे पर खुशियां लाना जाना है। इसके लिए हम सदैव तत्पर रहेंगे।

# विधायक भूपेश चौबे और हौसिले पाठक ने किया जनसंपर्क



**त्रिलोकी नाथ पाण्डेय व्यूरोचीफ ग्रामीण सुबह,मिर्जापुर।** एनडीए भाजपा गठबंधन की प्रत्याशी सूचिष्मिता मौर्य को भारी मतों से जिताने के लिए पहाड़ी मंडल के पंडरी शक्ति केन्द के बूथ नम्बर 319 एवं 334 के बूथ अध्यक्षों के साथ ग्राम पड़री में सोनभद्र के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं रार्बटगंज के विधायक भूपेश चौबे, मझंवा विधानसभा के प्रभारी पूर्व जिला अध्यक्ष भदोही हौसला पाठक ने जनसंपर्क किया।

मझंवा विधानसभा उपचुनाव में एनडीए भाजपा प्रत्याशी सुचिष्मिता मौर्य को भारी मतों से जिताने के लिए घर घर सम्पर्क कर आशीर्वाद माँगा और कहाकि केन्द्र और प्रदेश मे बीजेपी सरकार डबल इंजन के साथ विकास कार्य कर रही है। बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग को सरकारी योजनाओ का लाभ मिल रहा है।

पूर्व जिला अध्यक्ष सोनभद्र भाजपा विधायक भूपेश चौबे ने कहा की 10 नवम्बर को 10 बजे कछवा बाज़ार के गांधी इंटर कालेज के मैदान में प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी आ रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ता और आमजन अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे। विशाल जनसभा को सफल बनाऐ। पूर्व जिला अध्यक्ष भदोही मझवा विधानसभा के प्रभारी हौसला पाठक ने जनसंपर्क के दौरान आमजनता से कहा कि मोदी योगी कमल का फुल पर 20 नवम्बर को बटन दबाकर भारी मतों से जिताऐ। आज मोदी योगी सरकार में आम जनता को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। मुख्य रूप जिला उपाध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह, जिला सह मीडिया प्रभारी प्रणेश प्रताप सिंह, सिद्धार्थ सिंह, कमलेश भुजा, विमलेश तिवारी, बृज लाल तिवारी, मंगल राम आदि प्रमुख लोग उपस्थित थे। इस आशय की जानकारी मझंवा विधानसभा मीडिया प्रभारी नितिन विश्वकर्मा ने दी है।

# उगा हो सूरज देव, कोइलिया बोले की भईल भिनसार हो गीत संग दिया उदयाचल गामी भगवान भास्कर को अर्घ्य



**त्रिलोकी नाथ पाण्डेय व्यूरोचीफ ग्रामीण सुबह, मिर्जापुर।चुनार,** आस्था, पवित्रता एव? सूर्योपासना के महापर्व के चौथे व आखिरी दिन शुक्रवार को व्रतियों के साथ परिजनों व सगे संबंधियों ने गाजे बाजे के साथ %हरीयर बांस के बहंगिया, बहंगिया लचकत जाय% गीत गाते हुए बेदी स्थल पर पहुँच कर विधि विधान से पूजा पाठ किया। फिर %उगा हो सूरज देव, कोइलिया बोले की भईल भिनसार हो गीत गाते हुए पुत्र प्राप्ति व उसके लंबी उम्र की कामना कर ललक लिएजल में खड़ी होकर भगवान भास्कर के एक झलक का इन्तजार करतीं रही। उषा की लालीमा को देख समूचा परिसर छठी मैया की जय के जयकारा से गुंजायमान हो उठा। इसी के साथ सुख समृद्धि और पुत्र की दिर्घायु होने की कामना के साथ लोगों ने दुग्ध से अर्ध्य देकर धन्य हुए। नगर के बालू घाट, शिवाला घाट, बहरामगंज घाट, टम्मलगंज घाट सहित आदि घाटों पर सामाजिक संगठनों व छठ पूजा समिति की ओर से निःशुल्क दुग्ध का वितरण किया गया। सभी घाटों पर नगर पालिका परिषद के द्वारा साफ सफाई, प्रकाश ब्यवस्था, खोया पाया केन्द्र के साथ पालिकाध्यक्ष मंसूर अहमद, अधिशासी अधिकारी राजपतिवैश, जलकल अभियंता सौरभ प्रकाश सिंह, सफाई निरीक्षक लालमणि यादव सहित पालिका कर्मचारी गौरव पाण्डेय, राहुल, संतोष आदि पूरी तन्मयता व निष्ठा के साथ मौजूद रहे। श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में मौजूदगी को देखतें हुए शान्ति और सुरक्षा की दृष्टिकोण से उपजिलाधिकारी राजेश वर्मा, तहसीलदार योगेन्द्र शरण शाह, अपर पुलिस अधीक्षक ( आपरेशन) ओ0पी0सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी मंजरी राव, कोतवाल रविन्द्र नारायण मौर्या, पुलिस चौकी कस्बा प्रभारी उदय नारायण मौर्या, बहरामगंज में राजेश रमण राय, गंगा में मोटर वोट पर जल पुलिस के साथ मौजूद रहे।

# उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ महापर्व छठ पूजा का समापन

**चौथा दिन छठ महापर्व का अंतिम दिन प्रातः काल उगते सूर्य को जल दिया जाता है, इसी के साथ छठ पर्व का समापन होता है**

**त्रिलोकी नाथ पाण्डेय व्यूरोचीफ ग्रामीण सुबह, मिर्जापुर।अहरौरा,** 8 नवंबर शुक्रवार को छठ पूजा का आखिरी दिन रहा। चौथा दिन यानी सप्तमी तिथि छठ महापर्व का अंतिम दिन था। इस दिन प्रातः काल उगते सूर्य को जल दिया जाता है। इसी के साथ छठ पर्व का समापन हुआ। छठ महापर्व की शुरुआत नहाय-खाय से हुई थी। इसके बाद दूसरे दिन खरना, तीसरे दिन संध्या अर्घ्य और चौथे दिन को ऊषा अर्घ्य के दिया गया। छठ का पर्व क्षेत्र के पोखरा सहुवाईन, दुर्गा जी मन्दिर, मिश्र पोखरा, अहरौरा बांध, जरगो जलाशय, इमलिया चट्टी नहर जैसे अन्य ग्रामीणों क्षेत्रों में बड़े ही धूमधाम से छठ पूजा मनाया गया। छठ का व्रत संतान की लंबी उम्र और उनके खुशहाल जीवन के लिए रखा जाता है। इस दिन सूर्योदय 6 बजकर 20 मिनट पर दूध का अर्ध्य दिया गया।

इसी दौरान नगर पालिका प्रशासन के तरफ से नगर के सभी घाटों पर लाइटिंग, पानी, साफ-सफाई, चेंजिग रूम की व्यवस्था की गई। इस शुभ अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष गुलाब मौर्य, जेई विकास कुमार, सभासद कुमार आनन्द, प्रमोद मौर्य, संजय जायसवाल, मयंक जायसवाल, रामलाल सोनकर, दुलारे पटेल, अशोक मौर्य, आशीष अग्रहरि, संजय पटेल के साथ सैकड़ो लोग रहे।

सुरक्षा के दृष्टि से थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह व नगर चौकी प्रभारी इंदुभूषण मिश्रा, इमलिया चट्टी चौकी प्रभारी अभिषेक सिंह मय पुलिस फोर्स के साथ नाव पर बैठकर चक्रमण करते रहे।

# 14 नवंबर को डायबिटिक क्योर कैंप लगाकर उपचार संग नागरिको मे अवेयरनेस लाएंगे मिर्ज़ापुर के लायस




**0 लायंस क्लब के संचालक मंडल की बैठक मे आगामी कार्यक्रमो पर चर्चा**

**त्रिलोकी नाथ पाण्डेय व्यूरोचीफ ग्रामीण सुबह,मिर्जापुर।** लायंस क्लब मिर्ज़ापुर के तत्वाधान मे लायंस क्लब संचालक मंडल की बैठक गुरूवार को नगर के जंगीरोड स्थित एक होटल में आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष लायन नितिन अग्रवाल द्वारा की गई।

बोर्ड बैठक मे कई मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्य रूप से 14 नवंबर को वर्ल्ड डायबीटीज डे को मिर्जापुर के शहर के विभिन्न क्षेत्रों में डायबिटिक कैंप लगाने पर चर्चा की गयी। कैंप लायंस क्लब मेंबर डॉक्टर चंद्रकेतु द्वारा बाहर से डायबिटिक डॉक्टर्स की टीम बुलाकर लगाई जाएगी। इसमें हर बूथ में डॉक्टर्स अवेलेबल रहेंगे और डायबिटीज कैंप लगाकर डायबिटिक मरीजो का चेकिंग करके उपचार करेंगे। अध्यक्ष नितिन अग्रवाल ने बताया कि डायबिटिक क्योर कैंप बहुत ही बढ़िया स्तर पर होगा, जिससे डायबीटीज के लिए मिर्जापुर की पब्लिक में अवेयरनेस आएगी।

बैठक में लायंस स्कूल के प्रबंधक एवं वरिष्ठ समाज सेवी लायन विश्वनाथ अग्रवाल, अध्यक्ष लायन नितिन अग्रवाल, लायनेस भावना अग्रवाल, लायन अनिल बर्नवाल, लायन अनूप अग्रवाल, लायन मदन लाल अग्रवाल, लायनेस संगीता अग्रवाल, लायन सोमेश्वर मिश्रा, लायन ज्ञान प्रकाश गुप्ता के साथ सभी बोर्ड्स सदस्य उपस्थित रहे।

# कुत्ते को बचाने में अनियंत्रित होकर आटो पलटी, एक घायल

**ग्रामीण सुबह,मिर्जापुर।**अहरौरा, स्थानीय थाना क्षेत्र के अहरौरा-जमुई मार्ग पर स्थित जंसवा गांव के पास शुक्रवार की दोपहर में लगभग एक बजे जमुई से अहरौरा की तरफ जा रही आटो रिक्शा कुत्ते को बचाने में ऑटो अनियंत्रित होकर खेत में जाकर पलट गई। जिससे आटो रिक्शा में बैठे कुल तीन लोग में से एक युवक को गंभीर चोट आ गई। वही ग्रामीणों ने ऑटो में बैठे लोगों को बाहर निकाल घायल को अहरौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाए जहां पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बादघायल श्याम सोनकर पुत्र स्वर्गीय शिवकुमार सोनकर (23) वर्ष निवासी मिर्जापुर को गंभीर चोट आने के कारण श्याम सोनकर को जिला अस्पताल मिर्जापुर रेफर कर दिया गया।

# राजधानी में कल से तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय बुद्धिस्ट कॉन्क्लेव का आयोजन तथा पालि साहित्य सम्मेलन होगा

## इस सम्मेलन में उपमुख्यमंत्री मा0 ब्रजेश पाठक जी मुख्य अतिथि होंगे



**ग्रामीण सुबह- लखनऊः 08 नवम्बर, 2024-** संस्कृति विभाग उ0प्र0 के अधीन अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान लखनऊ द्वारा 09 से 11 नवम्बर, 2024 तक तीन दिवसीय इंटरनेशनल बुद्धिस्ट कॉन्क्लेव तथा पालि साहित्य सम्मेलन-2024 का आयोजन बुद्ध बिहार शांति उपवन आलमबाग, लखनऊ में किया जा रहा है। इस सम्मेलन की मुख्य थीम ''विश्व शांति एवं सद्भाव बढ़ाने में पालि साहित्य का योगदान'' रखा गया है। इस कॉन्क्लेव में देशभर से 800 से अधिक बौद्ध भिक्षु, आचार्य, विद्वान तथा बौद्ध उपासक भाग ले रहे हैं। इस तीन दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन कल पूर्वाह्न 11 बजे तथा समापन 11 नवम्बर को अपराह्न 02 बजे किया जायेगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक तथा विशिष्ट अतिथि गोविन्द नारायण शुक्ल एमएलसी होंगे।

यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में बौद्ध पर्यटन, पालि भाषा, साहित्य, पुरातत्व, बौद्ध संस्कृति, प्राचीन इतिहास तथा भारतीय ज्ञान परम्परा पर विस्तार से मंथन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा 03 अक्टूबर, 2024 को अन्य भाषाओं के साथ पालि भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया गया है। इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए मा0 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी धन्यवाद के पात्र हैं।

श्री जयवीर सिंह ने बताया कि उ0प्र0 में पर्यटन तथा संस्कृति के साथ बौद्ध धर्म की भाषा पालि को बढ़ावा दिये जाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। पालि भाषा भारत की प्राचीन भाषा है। पूर्व में आम जनता की बोलचाल की सर्वमान्य भाषा थी। श्रीलंका, म्यांमार, कम्बोडिया, थाईलैण्ड, बंग्लादेश, वियतनाम, श्रीलंका, नेपाल, नीदरलैण्ड आदि देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। यूरोपीय देशों में भी इसके प्रति लगातार रूचि बढ़ रही है। इस प्रकार पालि भाषा एक अंतर्राष्ट्रीय महत्व की भाषा बन चुकी है। पालि भाषा में नैतिक शिक्षा, शील-सदाचार, उच्च अध्यात्मिक महत्व को प्राथमिकता दी गयी है।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि त्रिपिटक साहित्य में समाज, जातीय स्वरूप, अर्थव्यवस्था, सांस्कृतिक जीवन, न्याय व्यवस्था, शिक्षा आदि के बारे में प्रमाणिक जानकारी मिलती है। इस सम्मेलन में पैनल डिस्कशन के अलावा शोध पत्र का प्रस्तुतीकरण किया जायेगा तथा तीन भिक्षुओं को सम्मानित भी किया जायेगा। इस अवसर पर पालि पुस्तक मेला प्रदर्शनी, धम्मपद संगायन, सुलेखन, जागरूकता संबंधी कार्य तथा पुस्तक का विमोचन भी किया जायेगा।

# भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में प्रदेश के सभी जिलों में 15 से 26 नवम्बर तक मनाया जायेगा-मुकेश मेश्राम

**जनजातीय गौरव दिवस के दौरान देशभर से आये जनजातीय कलाकार अपनी कला और कौशल का प्रदर्शन करेंगे-डा0 हरिओम**




**ग्रामीण सुबह- लखनऊः 08 नवम्बर, 2024-** उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, पर्यटन विभाग, जनजातीय विकास विभाग, उ0प्र0 अनुसूचित जाति एवं जनजाति, शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान तथा इफ्को नई दिल्ली एवं उ0प्र0 संगीत नाटक अकादमी लखनऊ के संयुक्त तत्वाधान में बिरसा मुण्डा जी की जयन्ती के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय जनजाति भागीदारी उत्सव का आयोजन 15 से 20 नवम्बर, 2024 तक उ0प्र0 संगीत नाटक अकादमी, गोमतीनगर लखनऊ के परिसर में किया जायेगा।

यह जानकारी प्रेस प्रतिनिधियों को आज पर्यटन भवन में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति श्री मुकेश मेश्राम तथा प्रमुख सचिव समाज कल्याण डा0 हरिओम ने दी। दोनों अधिकारियों ने बताया कि पर्यटन विभाग तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, समाज कल्याण विभाग तथा भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद नई दिल्ली व इफ्को टोकियो इस कार्यक्रम के प्रायोजक रहेंगे।

प्रेस कान्फ्रेंस में प्रमुख सचिव पर्यटन ने बताया कि इस अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी उत्सव में गुजरात, जम्मू कश्मीर, महाराष्ट्र, सिक्किम, उड़ीसा, राजस्थान, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, मिजोरम, अरूणांचल प्रदेश, गोवा, केरल, हिमांचल प्रदेश, असम, त्रिपुरा, झारखंड, पंजाब तथा उ0प्र0 सहित 22 राज्यों के 600 से अधिक कलाकार अपने पारम्परिक नृत्य, संगीत, परिधान, वादयंत्रों का प्रदर्शन करेंगे।

श्री मेश्राम ने बताया कि इस आयोजन में हस्त शिल्प के 100 से अधिक स्टॉल लगाये जा रहे हैं। इसमें उत्तराखंड से इम्ब्रायडरी, हैंडलूम चादर, मध्य प्रदेश से बीडज्वैलरी, लेदरशिल्प, चंदेरी साड़ी तथा उ0प्र0 से खुर्दा पाट्री, ब्रास वर्क, बनारसी साड़ी, सुपारी के खिलौने तथा गाय के गोबर से बने उत्पाद व प्रधानमंत्री वनधन केन्द्रों में निर्मित उत्पाद आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। आयोजन में देशी व्यंजन के स्टॉल भी लगाये जायेंगे। इस उत्सव में स्लोवाकिया तथा वियतनाम के कलाकारों को आमंत्रित किया गया है।

प्रमुख सचिव समाज कल्याण डा0 हरिओम ने बताया कि वर्ष 2022 में भारत सरकार द्वारा लोक नायक बिरसा मुण्डा के जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में घोषित किया गया है। इसके आयोजन हेतु सभी जिलों में 15 से 26 नवम्बर, 2024 तक जनजाति गौरव पखवाड़ा मनाया जायेगा, जिसके लिए सभी जिलाधिकारियों को पत्र लिखा गया है। मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा 02 अक्टूबर, 2024 को प्रारम्भ किये गये ''धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान'' के तहत प्रदेश के 517 जनजाति बाहुल्य ग्रामों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इस अवसर पर हरी झंडी दिखाकर वैन को रवाना किया।

डा0 हरिओम ने बताया कि इस अवधि में 22 राज्य, 38 लोकनृत्य प्रस्तुत करेंगे। इस आयोजन में शिल्प मेला, चाय चौपाल, पारम्परिक देशी खेल, पोथी घर जनजाति पुस्तकों की बिक्री आदि भी की जायेगी। उन्होंने बताया कि इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य देश की जनजातीय लोक परम्परा, लोक गायन, समृद्ध गौरवशाली इतिहास, भेष-भूषा व्यंजन तथा पारम्परिक मूल्यों से भावी पीढ़ी को परिचित कराया जा सके ताकि आज की युवा पीढ़ी अपनी समृद्धशाली विरासत पर गौरव महसूस कर सके। इस अवसर पर विशेष सचिव पर्यटन ईशा प्रिया एवं लोक जनजाति संस्थान के अध्यक्ष अतुल द्विवेदी तथा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# जनपद स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता आयोजन

**ग्रामीण सुबह, मिर्जापुर।** दिनांक 12व 13 नवंबर को जी0 आई0 सी मिर्ज़ापुर मे आयोजित किया गया है जिसमे ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में,विजेता टीमों के प्रधानाध्यापक अपने बच्चों का पात्रता प्रमाण पत्र,भर कर कल तक बी आर सी पर जमा कर देवे जिससे पात्रता प्रमाण पत्र पर समय से जनपद प'प्राप्त कराया जा सके बिना पात्रता प्रमाण पत्र के कोई भी बच्चा प्रतिभाग नही कर पायेगा । उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राजेश कुमार श्रीवास्तव खण्ड शिक्षा अधिकारी छानबे ने विजेता टीम के प्रधानाध्यापको को निर्देश देते हुए कहा है कि 9-11-024 तक प्रपत्र द्वारा अवगत कराया जय जिससे प्रतिभागियों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल करने में सहुलियत हो सके।

# महोबा पुलिस की कोशिशें ला रही रंग हैं

**ऑपरेशन खोज÷ के तहत 31 गुमशुदा/अपहृतों की गई बरामदगी है**

**ऑपरेशन बचपन÷ के तहत 42 बच्चों को बालश्रम से मुक्त कराकर उनके परिजनों को किया गया सुपुर्द-**



**ग्रामीण सुबह-** मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान एक व्यापक और दूरदर्शी पहल है जिसका उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं एवं बच्चों को सुरक्षा, संरक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए सशक्त बनाना है। शासन और पुलिस विभाग द्वारा इस अभियान की शुरुआत के साथ ही इस दौरान 09 अभियान शामिल किये हैं- इन्ही अभियानों में से गुमशुदा व्यक्तियों की बरामदगी हेतु रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, बाल गृहों व एनजीओ द्वारा संचालित आश्रय गृहों आदि का भौतिक निरीक्षण कर गुमशुदा/अपहृतों को पुनर्वासित करने के लिये अभियान ÷ऑपरेशन खोज÷ चलाया जा है तथा बालश्रम, भिक्षावृत्ति एंव बाल विवाह के विरुद्ध बालक/बालिकाओं को अवमुक्त कराने हेतु **'ऑपरेशन बचपन' चलाया जा रहा**

**महोबा ब्यूरो संतोष कौशिक,,**पुलिस अधीक्षक महोबा पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में शारदीय नवरात्र से प्रारम्भ हुए मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपद महोबा पुलिस के अथक मेहनत, लगन, प्रयास कर सर्विलांस के माध्यम से ऑपरेशन खोज के तहत 31 (28 बालिग एवं 03 नाबालिग) गुमशुदा/अपहृतों को सकुशल बरामद करते हुए उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया है, सभी ने प्रसन्नचित होकर जनपद महोबा पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया है।



- इसी प्रकार ऑपरेशन बचपन के तहत थाना एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकंग यूनिट व श्रम विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जनपद महोबा के विभिन्न प्रतिष्ठानों, मिठाई की दुकानों, ढ़ाबों, ऑटो मोबाइल की दुकानों, गैराजों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया । उक्त अभियान के दौरान 42 बच्चों (बाल श्रमिकों) को कार्य करते हुए पाया गया । इन बाल श्रमिक बच्चों को अपनी संरक्षा में लेकर उनके परिजनों को सुपुर्द करते हुए हिदायत दी गई कि बच्चों से भविष्य मे बाल श्रम न करायें तथा सम्बन्धित प्रतिष्ठानों के सेवायोजकों के विरुद्ध अधिनियम का उल्लंघन करने के संबंध में नियमानुसार नोटिस जारी कर सम्बन्धित न्यायालय के समक्ष पेश होने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

इस अभियान के दौरान दुकानदारों/जनता के लोगों को बालश्रम न कराने पर जोर दिया गया तथा सार्वजनिक स्थानों/ मिठाई की दुकान, रेस्टोरेंट/ढ़ाबा, ब्रेकरी, आटो मोबाइल की दुकान, गैराज आदि स्थानों पर बालश्रम न कराने से सम्बन्धित पोस्टर चस्पा कर तथा इमरजेंसी सहायता हेतु शासन एवं प्रशासन द्वारा जारी टोल फ्री हेल्प लाइन नंम्बरों 108, 112, 1090, 1930,1098,1076,181 आदि के सम्बन्ध में लोगों को जागरुक किया गया ।